तापमान

अधिकतम 33.4 डिग्री

न्यूनतम 25.3 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, शनिवार 6 जुलाई 2024



11 मास्टर प्लान 2031 में थोक में गड़बड़ी कमेटी बनी...



12 मोती सागर-खदान डबरी को मरीन ड्राइव जैसा...




# अब प्राइवेट परीक्षा देना भी मुश्किल! माहभर के लिए सीट मिली तो कर सकेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नए नियमों ने प्राइवेट परीक्षार्थियों की राह मुश्किल कर दी है। नए नियमों के मुताबिक अब प्राइवेट परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा के पहले एक माह की कक्षा अनिवार्य होगी। इन कक्षाओं में छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर ही उनके आंतरिक मूल्यांकन के अंक तय किए जाएंगे। प्राइवेट स्टूडेंट जिस कॉलेज का चुनाव सेंटर के रूप में करेंगे, उसी महाविद्यालय में छात्र की कक्षा संचालित होगी। नए नियमों पर निजी महाविद्यालयों का कहना है कि उनके यहां सीट रिक्त रहने और अध्यापन के लिए पर्याप्त प्राध्यापक होने की स्थिति में वे निजी छात्रों की कक्षाएं संचालित कर सकेंगे।

अर्थात अब छात्र प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में भी उस वक्त ही आवेदन कर सकेंगे, जब उन्हें माहभर के अध्ययन के लिए कॉलेजों में सीट मिल सकेगी। प्राइवेट छात्रों को इन कक्षाओं में वर्ष में दो बार उपस्थित होना होगा, क्योंकि नियमित छात्रों की ही तरह प्राइवेट छात्रों की भी परीक्षा सेमेस्टर आधार पर वर्ष में दो बार होगी। सभी सेमेस्टर में छात्रों का आंतरिक मूल्यांकन अनिवार्य होगा।

- निजी महाविद्यालयों का कहना, हमारे पास संसाधन सीमित, सभी को कैसे बैठाएं?

अलग खबर

## प्राइवेट परीक्षार्थियों के लिए भी एक माह की कक्षा अनिवार्य, इसके आधार पर ही आंतरिक मूल्यांकन

### इस बार पंजीयन शीघ्र

सामान्य दिनों में प्राइवेट परीक्षार्थियों से परीक्षा फॉर्म मार्च-अप्रैल में होने वाली परीक्षा से कुछ दिन पूर्व तक भरवाए जाते थे। चूंकि नए सत्र से इनकी भी कक्षाएं लगेंगी, इसलिए इस बार प्राइवेट परीक्षार्थियों के पंजीयन परीक्षा से पर्याप्त समय पहले किए जाएंगे। जुलाई में प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अगस्त से प्राइवेट स्टूडेंट्स के लिए रजिस्ट्रेशन पोर्टल खोल दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रायोगिक कार्य भी इस दौरान किया जाएगा। यह व्यवस्था केवल प्रथम वर्ष के प्राइवेट छात्रों के लिए लागू की जाएगी, जिसे क्रमशः आगे बढ़ाया जाएगा। कई शिक्षाविदों ने भी इसे लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि नय नियम से प्राइवेट छात्रों की संख्या घट सकती है।



### क्षमताओं पर निर्भर

निजी महाविद्यालयों के पास संसाधन कम होते हैं। हम कितने प्राइवेट छात्रों की कक्षाएं ले सकते हैं, यह क्षमताओं पर निर्भर करता है। लेकिन यह तय है कि पहले की तरह थोक में आवेदन नहीं ले सकेंगे।

- डॉ.देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य महंत महाविद्यालय

## खबर संक्षेप

### महादेव सट्टा एप से क्रिकेट सट्टा खिलाते चार गिरफ्तार



रायपुर। महादेव रेड्डी बैटबुक से क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले 4 आरोपियों को राजधानी पुलिस ने पुणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 22 मोबाइल, 3 लैपटॉप, 2 वाई-फाई, 12 पासबुक, 24 चेकबुक, 72 एटीएम कार्ड तथा सट्टे के पैसों का हिसाब जब्त किया गया है। चारों आरोपी पुणे में बैठकर महादेव बैटबुक 23 पैनल आईडी पैनल के माध्यम से क्रिकेट सट्टा खिलाते थे। आरोपियों के कब्जे से बरामद लैपटॉप व मोबाइल में करोड़ों रुपए के लेन-देन की जानकारी लगी है, साथ ही दर्जनभर बैंक खातों की जानकारी मिली है, जिसमें पैसों का ट्रांजेक्शन किया जा रहा है। इन खातों को होल्ड व फ्रीज करने के लिए बैंकों को पत्र लिखा जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों में तुषार शिवनकर निवासी टिकरापारा थाना तोरवा बिलासपुर, करण सिंह निवासी एचएससीएल कालोनी रुआबांधा कोतवाली भिलाई, शुभम सिंह निवासी एचएससीएल कॉलोनी भिलाई एवं कमल चक्रधारी निवासी घासीदास नगर जामुल भिलाई शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

### कटार लेकर घूमते धरा गया बदमाश

रायपुर। गोलबाजार पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत एक युवक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी आमीन खान उर्फ आमीन पटेल हसन बाग नागपुर का निवासी है। आरोपी को 4 जुलाई को शास्त्री मार्केट के पीछे नया मटन मार्केट के पास लोहे की कटार लेकर घूमते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा-25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### सट्टा पट्टी पर्ची के साथ एक गिरफ्तार

रायपुर। गुढ़ियारी पुलिस ने सट्टा-पट्टी की पर्ची के साथ एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुनील सोनी भरत नगर गुढ़ियारी का निवासी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को 5 जुलाई को खालबाड़ा में सट्टापट्टी से जुआ खिलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने उसके कब्जे से सट्टापट्टी पर्ची व 1550 रुपए नकदी रकम जब्त की। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 6 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### सूने मकान में धावा 80 हजार की चोरी

रायपुर। डीडीनगर पुलिस ने एक घर में चोरी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी रमेश्वरी चंद्राकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पूरा परिवार 20 जून को बाहर गया हुआ था। 21 जून को वापस लौटे तो उसके घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो आलमारी से नकदी व सोने-चांदी के जेवरात जुमला 80 हजार रुपए गायब थे।

## दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस में यात्रियों की वेटिंग अधिक, शुक्रवार को दिनभर में मिली केवल दो ट्रेन

# स्पेशल ट्रेन के बाद भी पुरी जाने यात्रियों को मिल रही भीड़, स्लीपर में वेटिंग 80 के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रथयात्रा में शामिल होने श्रद्धालुओं का पुरी जाने का क्रम शुरू हो चुका है। रेलवे ले ट्रेनों में भीड़ कम करने सप्ताहभर पहले अनारक्षित पैसेंजर स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया था, ताकि एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों को भीड़ का सामना करना न पड़े, लेकिन इसके बाद भी एक्सप्रेस ट्रेनों में वेटिंग कम नहीं हुई है। शुक्रवार को दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस में 100 से अधिक वेटिंग देखने को मिली। जनरल कोच में सीट से अधिक यात्री मिले, तो वहीं स्लीपर कोच में भी बड़ी संख्या में यात्रियों ने खड़े होकर सफर किया। टीटीई और आरपीएफ द्वारा लगातार वेटिंग यात्रियों पर कार्रवाई करने के बाद भी यात्री पुरी जाने वेटिंग टिकट के साथ ट्रेन में चढ़ गए। दुर्ग से ट्रेन 40 फीसदी भर गई थी। रायपुर में स्लीपर कोच में 300 से अधिक यात्रियों के बाद सीटें 70 प्रतिशत भर गईं। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को ज्यादातर वेटिंग यात्रियों ने आरक्षण केंद्र से रिफंड नहीं लिया।

### दिनभर में मिली केवल 2 ट्रेन

शुक्रवार को पुरी जाने के लिए यात्रियों को केवल 2 ट्रेन मिली। इस वजह से सभी कोच में भीड़ अधिक रही। आज दिनभर चार ट्रेन की सुविधा पुरी जाने के मिलेगी। इसके बाद भी ट्रेनों में वेटिंग 80 के पार पहुंच गया है। ▶▶|शेष पेज 11 पर

### अनारक्षित पैसेंजर स्पेशल ट्रेन आज सुबह 6 बजे होगी रवाना



### आज सुबह 6 रवाना होगी स्पेशल ट्रेन

रायपुर से पुरी रथ यात्रा अनारक्षित पैसेंजर स्पेशल ट्रेन को सुबह 6 बजे जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रवाना किया जाएगा। रथ यात्रा के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को कम करने व यात्रियों की सुविधा के लिए रायपुर व पुरी के मध्य 2 फेरों के लिए अनारक्षित रथ यात्रा स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है। यह ट्रेन रायपुर से 08383 नंबर के साथ दिनांक 6 व 14 जुलाई को प्रातः 6 बजे रवाना होकर रात्रि 23 बजे पुरी पहुंचेगी। इसी प्रकार पुरी से 08384 नंबर के साथ 8 एवं 16 जुलाई को मध्य रात्रि 2.45 बजे रवाना होकर 16 बजे रायपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 18 कोच के साथ चलेगी।

### वापसी की ट्रेनों में वेटिंग अधिक

पुरी जाने से अधिक वापसी की ट्रेनों में वेटिंग फिलहाल ज्यादा है। 6-7 जुलाई को पुरी जाने वाली भुवनेश्वर-मुंबई एक्सप्रेस में वेटिंग जहां 80 है, वहीं 9 जुलाई को पुरी से रायपुर आने के लिए अभी से वेटिंग 100 पहुंच गई है। इसके अलावा दुर्ग-पुरी में 6 से 7 के बीच वेटिंग 80 से 90 है, तो लौटने के लिए 10 जुलाई को यह 95 तक पहुंच गई है। अहमदाबाद एक्सप्रेस और गांधीधाम ▶▶|शेष पेज 11 पर

## कोच से गायब सफाई कर्मचारियों की सूची दौड़ रही गंदी ट्रेन



- ट्रेन में यात्रियों की भीड़ बढ़ने से सफाई व्यवस्था बदहाल, गंदगी के बीच सफर की मजबूरी

ट्रेनों के रद्द होने के बाद महानगरों को जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों में इन दिनों यात्रियों की भीड़ बढ़ चुकी है। इस वजह से अब ट्रेनों में नियमित सफाई नहीं हो रही। कोच के भीतर सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। ट्रेन में शौचालय से लेकर बेसिन ▶▶|शेष पेज 11 पर

### स्लीपर और एसी कोच से लिस्ट गायब

रायपुर से गुजरने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के साथ समरसता, समता और संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के स्लीपर और एसी कोच में रविवार को भारी गंदगी देखी गई। दोनों के कोच में सफाई ▶▶|शेष पेज 11 पर

## कार शोरूम के सर्विसिंग सेंटर में शार्ट सर्किट से आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस वे के नीचे संचालित एक मारुति शोरूम के सर्विसिंग सेंटर में शुक्रवार को शार्ट सर्किट से आग लग गई। शोरूम के सर्विसिंग सेंटर में आग लगने की सूचना मिलने के तत्काल बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आगजनी की घटना से कितने का नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई है। घटना के समय सर्विसिंग सेंटर में 15 से 20 लोगों का स्टाफ अंदर था। सर्विसिंग सेंटर की छत से धुंआ उठते देख लोग ऊपर की मंजिल पर पहुंचे, तो उन लोगों ने देखा कि अंदर रखे एसेसिरिज तथा अन्य सामान धू-धू कर जल रहा था। इसके बाद फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी। फायर ब्रिगेड कर्मियों के मुताबिक आग लगने की घटना शाम साढ़े छह बजे के करीब की है। आग लगने की सूचना मिलने पर आग बुझाने मौके पर तत्काल दो फायर ब्रिगेड के साथ एक छोटी गाड़ी रवाना की गई। आग के नियंत्रित नहीं होने पर मौके पर एक और फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाई गई। आग पर काबू पाने दो से तीन घंटे मशक्कत करनी पड़ी, तब जाकर आग पर ▶▶|शेष पेज 11 पर

- तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया

### शोरूम से सर्विसिंग सेंटर दूर होने से बड़ी घटना टली

सर्विसिंग सेंटर में जहां आग लगी थी, शोरूम उससे काफी दूर था। इससे एक बड़ी घटना टल गई। इसके साथ ही सर्विसिंग सेंटर की ऊपरी मंजिल में प्लास्टिक की एक बड़ी पानी टंकी रखी थी। आग की चपेट में आने की वजह से पानी टंकी फट गई। पानी टंकी के फटने से उसमें रखा सारा पानी बह गया, इससे जमीन पर रखा सामान आग की चपेट में आने से बच गया।

## लाखेनगर चौक से बूढ़ेश्वर चौक तक सड़क का धीमा निर्माण, गुणवत्ता भी सही नहीं, कार्य एजेंसी का अनुबंध निरस्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत राजधानी रायपुर में लाखेनगर चौक से बूढ़ेश्वर चौक तक स्मार्ट सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। इसके निर्माण कार्य का ठेका मेसर्स मोहम्मद फारुख वारसी जेवी एवं मेसर्स राजपाल कंस्ट्रक्शन को दिया गया था। एजेंसी द्वारा सड़क का निर्माण कार्य काफी धीमी गति से कराया जा रहा है, वहीं गुणवत्ता का भी ख्याल नहीं रखा गया है। इसके कारण स्मार्ट सिटी ने एजेंसी का ठेका निरस्त कर दिया है। ठेका निरस्त करने के साथ एजेंसी को कार्य स्थल को तत्काल खाली करने के लिए कहा है।

### स्ट्रीट पोल भी नहीं लगा

एजेंसी को सड़क का निर्माण करने के साथ स्ट्रीट पोल भी लगाना था। इन दोनों काम को एजेंसी ने अधूरा छोड़कर काम बंद कर दिया है। इसके कारण इस क्षेत्र में आवागमन करने में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### 6 बार नोटिस के बाद भी कार्य में नहीं आई तेजी

स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि लाखे नगर चौक से बूढ़ेश्वर चौक तक स्मार्ट रोड निर्माण के लिए एजेंसी से अनुबंध होने के बाद 31 मार्च 2022 को कार्य आदेश जारी किया था। एजेंसी को यह कार्य एक साल के भीतर पूरा करना था, लेकिन अब तक सड़क का निर्माण कार्य अधूरा है। एजेंसी द्वारा धीमी गति और गुणवत्ताहीन तरीके से कराए जा रहे कार्य को लेकर स्मार्ट सिटी ने 6 बार नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। एजेंसी ने इन नोटिसों में एक का भी जवाब नहीं दिया।

### एजेंसी का अनुबंध निरस्त

लाखेनगर चौक से बूढ़ेश्वर चौक तक स्मार्ट सड़क एवं स्ट्रीट पोल लगाने का ठेका निरस्त कर दिया है। धीमा व गुणवत्ताहीन कार्य के कारण एजेंसी को कई बार नोटिस जारी किया था। नोटिस पर जवाब देना छोड़ एजेंसी ने काम बंद कर दिया था। इस कारण ठेका निरस्त किया है।

- अबिनाश मिश्रा, प्रबंध संचालक, स्मार्ट सिटी रायपुर

### सवा घंटे का होगा सफर, किराया 3800

## ट्रैक पर लौट रही प्रयागराज की फ्लाइट, 16 अगस्त को पहली उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले साल अक्टूबर में अचानक बंद की गई प्रयागराज की फ्लाइट 16 अगस्त से पुनः ट्रेक पर लौट रही है। इसके लिए टिकटों की बुकिंग शुरू कर दी गई है। सवा घंटे के इस सफर के लिए न्यूनतम किराया 3800 रुपए है। यह फ्लाइट दोपहर बारह बजे उड़ान भरकर दोपहर 3.20 बजे लौटेगी।

जानकारी के अनुसार गंगा में डुबकी लगाने रायपुर से प्रयागराज जाने वाले यात्रियों को एकमात्र फ्लाइट की सुविधा मिलती थी। इसे पिछले साल अक्टूबर से अचानक बंद कर दिया गया था। फ्लाइट के बंद होने का काफी विरोध हुआ था और विमानन कंपनी पर इसे पुनः शुरू करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। तर्क दिया जा रहा था कि एकमात्र फ्लाइट होने की वजह से इसमें यात्रियों की संख्या काफी



अधिक होती है और ट्रेनों की बिगड़ी चाल की वजह से भी यात्री इसमें सफर करने के लिए आकर्षित हो रहे थे। काफी प्रयास के बाद रक्षाबंधन के पहले इस फ्लाइट को 16 अगस्त से पुनः शुरू करने की घोषणा की गई है। ट्रैवल्स कारोबारियों को इसके टिकट बुक करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। व्यास ट्रैवल्स के संचालक हरेन्द्र व्यास ने बताया कि अभी इसका न्यूनतम किराया 3800 रुपए है। उन्होंने बताया कि यह फ्लाइट दोपहर बारह बजे रायपुर से रवाना होकर 1.25 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। पंद्रह मिनट स्टापेज के बाद दोपहर 1.50 बजे वहां से उड़ान भरकर 3.20 बजे रायपुर पहुंचेगी।

### हवाई किराए में थोड़ी राहत

बारिश का मौसम शुरू होते ही यात्रा करने वालों की संख्या कम होने से हवाई किराए में थोड़ी राहत मिलने लगी है। दिल्ली का किराया जो कुछ समय पहले तक बीस हजार रुपए तक जा रहा था, वह घटकर 10 से 12 हजार रुपए तक पहुंच गया है। इसी तरह मुंबई, हैदराबाद जैसे शहरों का फेयर सात से आठ हजार तक नीचे आ गया है। अब इसमें तेजी त्यांहारी सीजन नजदीक आने के बाद दिखाई देगी।

## महिला डाक्टर के बाद रिश्वत लेने वाली नर्स ने भी गंवाई नौकरी, जारी हुआ आदेश

### दो नवजात की मौत के बाद हंगामा, जांच कमेटी ने लापरवाही मानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उरला शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की महिला डाक्टर पूनम सरकार के बाद मरीजों के परिजनों से रिश्वत लेने के आरोप से घिरी स्टाफ नर्स माधुरी वर्मा को भी बर्खास्त कर दिया गया है। दो नवजात की मौत के बाद हेल्थ सेंटर में हंगामा हुआ था और गंभीर आरोपों को जांच के दौरान कमेटी ने सही पाया था। इस मामले में प्रभारी सुनील साहू को निलंबित कर दिया गया था। उरला के यूपीएचसी के डाक्टर और चिकित्सकीय स्टाफ पर मंगलवार को हंगामे के दौरान क्षेत्र की मितानिन तथा उपचार का लाभ लेने वाले मरीजों ने कई तरह के आरोप लगाए थे। प्रसव में लापरवाही के साथ यह बात भी सामने आई थी कि नर्सिंग स्टाफ प्रसव कराने वाले परिवार से रुपए की डिमांड करता है। इस मामले में एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें स्टाफ नर्स (संविदा) माधुरी वर्मा रुपए लेते हुए दिख रही थी। बवाल के बाद मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया था, जिसने विभिन्न परिजनों और चिकित्सकीय स्टाफ का बयान दर्ज किया था। उसके द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में आरोपों को सही पाया गया था, जिस आधार पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी द्वारा कड़ी कार्रवाई की अनुशंसा करते हुए रिपोर्ट शासन को प्रेषित की गई थी। इस आधार पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक ने शुक्रवार को माधुरी वर्मा को छत्तीसगढ़ मानव संसाधन नीति 2018 की कंडिका 33.5 के तहत दोषी पाते हुए सेवा से बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया। प्रसव के दौरान लापरवाही से मौत के मामले में महिला चिकित्सक डॉ. पूनम सरकार के टर्मिनेशन के साथ प्रभारी डॉ. सुनील साहू को निलंबित किया गया था।

- उरला स्वास्थ्य केंद्र का मामला, प्रभारी डाक्टर भी हुआ था निलंबित


उरला हेल्थ सेंटर में लापरवाही ने ली नवजात की जान, हंगामा

### दूसरे दिन भी करती रही इलाज

बुधवार को बर्खास्तगी का आदेश जारी होने के बाद भी महिला चिकित्सक गुरुवार को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों की जांच और इलाज करती रही। इस बात को लेकर वहां हल्ला मचा और सीएमएचओ कार्यालय से गई जांच टीम ने उसे कार्रवाई की जानकारी देकर वहां से हटाया। चिकित्सक ने इलाज के दौरान शासन के आदेश उन तक नहीं पहुंचने का हवाला दिया था।

### लगातार निगरानी के निर्देश

इस प्रकरण के सामने आने के बाद प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर संचालित होने वाली स्वास्थ्य संबंधी योजनाएं और दी जाने वाली उपचार व्यवस्था की लगातार निगरानी के आदेश सीएमएचओ द्वारा जारी किए गए हैं। मैदानी अमले को कहा गया है कि उनके द्वारा इन स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर चिकित्सकीय स्टाफ की कार्यप्रणाली की जांच की जाए। इसके लिए मरीज और परिजनों से भी जानकारी ली जाए।

## सामान्य हुई मानसून द्रोणिका, आज सरगुजा कल से अन्य हिस्सों में बारिश के आसार

### सुबह माना में बारिश, शहर में हुई बूंदाबांदी

रायपुर। मणिपुर तक चली गई मानसून द्रोणिका के सामान्य स्थिति में आने के बाद बारिश की संभावना फिर से बढ़ने लगी है। शनिवार को सरगुजा और रविवार से अन्य हिस्सों में भी वर्षा होने के आसार बन रहे हैं। आज सुबह माना में एक सेमी. तक बारिश हुई, मगर शहर में बूंदाबांदी



की स्थिति ही बन पाई। पिछले दो दिन से मानसून द्रोणिका आगे बढ़ गई थी, जिसकी वजह से यहां बारिश की संभावना कम हो गई थी। वर्षा सीमित क्षेत्रों में हो रही थी, जिससे कई इलाकों में उमस भरी गर्मी अपना असर दिखाने लगी थी। अब मानसून द्रोणिका अपने सामान्य स्थिति में आने लगी है, जिससे राज्य में व्यापक क्षेत्र में बारिश होने की संभावना बनने लगी है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### भरतनाट्यम नृत्य में नमामि द्वितीय



**अभनपुर।** केपीएस डूंडा मे कौशल महोत्सव सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अभनपुर निवासी नमामि तिवारी ने भरतनाट्यम नृत्य के सब जूनियर वर्ग मे दूसरा स्थान प्राप्त किया है। एमिटी स्कूल नवा रायपुर में अध्ययनरत 7 वर्षीय नमामि कक्षा 2री की छात्रा है। जिन्होने ऑनलाईन नैनिका कासलीवाल से भरतनाट्यम नृत्य की बारीकियां सीखी है। नमामि अभनपुर व्यवसायी साकेत तिवारी व रूचि तिवारी की पुत्री है। उक्त उपलब्धि पर नमामि के परिवारजनों सहित नगरवासियों ने बधाई प्रेषित किया है।

### कुकरा में श्रीमद भागवत आज से

**आरंग।** ग्राम कुकरा में शाहीन बाई बिसहत राम साहू परिवार द्वारा 6 से 15 जुलाई तक श्रीमद भागवत ज्ञान नवधा भक्ति का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक सचिदानंदन पाठक महाराज खोना महाकाली मंदिर सारागांव वाले व परायणकर्ता अवधेश तिवारी मुंगेली वाले है। कार्यक्रम में 06 जुलाई को गौरी गणपति पूजन, कलश यात्र, दुर्दुम कथा, देवी महत्म, 07 को व्यास की देवी उपासना, राजा जनक, विचित्र वीर कथा, 08 को भुनेश्वरी कथा, जन्मेजय, जगदम्बिका कथा, 09 को शशिकला, शुभाहु, नवरात्र व्रत, रामचरित कथा 10 को नर–नारायण, भाक्रांत, देवकी, कृष्ण, शिव कथा 11 को रंभ, करंभ, महिसासुर, भगवती चण्डिका कथा 12 को शुंभ-निशुंभ, कौशिकी प्राकट्य, धुम्र-विचोचन, चण्ड-मुण, 13 को राजा सुरत सुमेधा कथा, लक्ष्मीपुत्र एकवीर चरित्र, 14 को सिद्धशक्ति पीठ कथा मां चण्डी भगवती, राधा, दुर्गा कथा, चढ़ौत्री, शोभायात्र, 15 को गायत्री श्रोत, मणीदीप, गायत्री सहस्त्र नाम, श्री मां अम्ब यज्ञ, पूर्णाहुति, भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### शुक्ला बोले-साय सरकार ने एक भी आवास नहीं बनाया

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जनता से वादा किया था कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही 18 लाख लोगों को आवास दिया जाएगा। मुख्यमंत्री सीएम हाउस में बाद में प्रवेश करेंगे, पहले आवास आवंटित होगा। हकीकत यह है कि राज्य में भाजपा की सरकार बने 6 माह हो गया, अभी तक साय सरकार ने एक भी आवासहीन के लिए आवास नहीं बनाया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जिनके लिए आवास स्वीकृत किए थे उनको भी दूसरी किस्त भाजपा सरकार नहीं दे पाई है। श्री शुक्ला ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रधानमंत्री आवास के मकानों की संख्या को स्वीकृति ही नहीं दी है। राज्य सरकार खुद ही संख्या की घोषणा कर अपनी पीठ थपथपा रही है।

## निधन

### कौशिल्या चंद्राकर



**आरंग।** ग्राम भिलाई निवासी कौशिल्या चंद्राकर (80 वर्ष) का बीते शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे ढालू राम चंद्राकर की पत्नि, अरुण, मोहन, कौशल चंद्राकर की माता थी। उनके अंतिम यात्रा में ग्रामीण जन शामिल हुए।

### अर्जुन साहू



**आरंग।** ग्राम पिरदा (कोरासी) निवासी 75 वर्षीय वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन साहू का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजन एवं ग्रामीण शामिल हुए। वे सावित्री बाई के पति, गणपत, जयलाल, ओमप्रकाश व सम्पत साहू के पिता थे।

# एनएसयूआई में बिना सूचना आंदोलन बैन, गुटबाजी को देखते लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एनएसयूआई के कार्यकर्ता अब संगठन को सूचना दिए बगैर स्वैच्छिक रूप से धरना-प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे। एनएसयूआई द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी किया गया है।

एनएसयूआई द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि संगठन के किसी भी कार्यकर्ता को किसी भी मामले में विरोध-प्रदर्शन करने अथवा ज्ञापन सौंपने के पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री और जिलाध्यक्ष को सूचित करना अनिवार्य होगा। सूचित किए जाने के साथ ही अनुमति प्राप्त करने भी कहा गया है। आदेश का पालन नहीं किए जाने की स्थिति में संगठनात्मक कार्रवाई की बात कही गई है। गौरतलब है कि पं.रविशंकर शुक्ल विवि में बीते दिनों कई बार इस तरह की स्थिति निर्मित हुई है, जब एक ही मुद्दे को लेकर एनएसयूआई के दो से तीन गुट ज्ञापन सौंपने अथवा विरोध-प्रदर्शन करने चले गए। इससे असहजता की स्थिति भी निर्मित हुई। राजधानी में ही कई गुट बन चुके हैं। अन्य शहरों में भी कई बार इस तरह की स्थिति निर्मित होते रही है। इसे देखते हुए आदेश जारी करने की बात अंदरुनी सूत्र कह रहे हैं।

### नेतृत्व का अभाव

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, विधानसभा और उसके बाद लोकसभा चुनावों में एनएसयूआई विशेष रूप से सक्रिय नजर आई। प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी पर नेतृत्व क्षमता को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। बीते दिनों कई गंभीर मामले पर धरना-प्रदर्शन हुए, लेकिन इस अनुसार भीड़ एनएसयूआई नहीं जुटा पाई और ना ही सरकार को उचित तरीके से घेर पाई। आपसी मन-मुटाव की भी खबरें हैं। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, हालात को देखते हुए इस वर्ष के अंत तक संगठन में बड़ा बदलाव हो सकता है।




### समन्वय बनाने के लिए

गुटबाजी या इस तरह की बातें केवल अफवाह हैं। समन्वय बनाए रखने के लिए यह व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी विरोध-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हो सकें।

**- शांतनु झा,**
जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

## बिजली कंपनियों ने अब तक राशि अदा नहीं की

# बिजली संयत्रों ने संपत्तिकर जुर्माने के 5.33 करोड़ रुपए जमा नहीं किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरबा स्थित दो बिजली सयंत्रो पर नगर निगम द्वारा लगाए गए संपत्तिकर जुर्मान की राशि खुद नगर निगम ही वसूल नहीं कर पाया। यह मामला ऑडिट जांच में महालेखाकार ने पकड़ा है। अब नगर निगम से कहा गया है कि इस ऑडिट आपत्ति का छह सप्ताह में निरारण कराएं। अगर ऐसे नही किया गया तो महालेखाकार द्वारा समझा जाएगा कि विभाग द्वारा इन तथ्यों को स्वीकार कर लिया गया है, विभाग की इस पर कोई टिप्पणी नहीं है। मामला ये है कि कोरबा स्थित तीन विद्युत कंपनियों ने स्व मूल्यांकन के आधार पर संपत्तिकर जमा किया था। जांच के बाद पाया गया कि संपत्ति कर कम जमा किया गया है। इसलिए तीने विद्युत कंपनियों पर 5.33 करोड़ रुपयों का जुर्माना लगाया गया था, लेकिन यह राशि जमा नहीं की गई। इस मामले को लेकर संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने कोरबा नगर निगम आयुक्त को पत्र जारी किया है। संचालनालय ने निगम से कहा है कि इस मामले में सामने आए तथ्यों का सत्यापन कराते हुए अपने अभिमत या टिप्पणी सहित क्षेत्रीय संयुक्त संचालक बिलासपुर को तीन दिनों में रिपोर्ट दें, ताकि मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाकर अगली कार्यवाही प्रस्तावित की जा सके। संचालनालय ने यह पत्र महालेखाकार द्वारा जारी आडिट आपत्ति संबंधी पत्र के आधार पर कही है।

### सीएजी ने पकड़ी गड़बड़ी




#### पत्र में ये लिखा है महालेखाकार ने

महालेखाकार छत्तीसगढ़ द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि नगर निगम कोरबा को 5.53 करोड़ रुपए जमा नहीं करने पर भी वसूली के लिए आवश्यक कार्रवाई नहीं की जा रही है। विषय से संबंधित तथ्यात्मक विवरण देते हुए कहा गया है कि ये तथ्यात्मक विवरण संबंधित कार्यालयों एवं उच्च अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के समय अथवा बाद के पत्राचार में उठाई गई आपत्तियों के जवाब में दी गई जानकारी के आधार पर संकलित किए गए हैं। महालेखाकार ने कहा है कि तथ्यातमक विवरण में तथ्यों को सत्यापित करें और पत्र प्राप्त होने के छह सप्ताह के भीतर अपनी टिप्पणियाँ, यदि कोई हों, इस कार्यालय को भेजें। यदि छह सप्ताह की अवधि में कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो यह समझा जायेगा कि विभाग द्वारा उपरोक्त तथ्य स्वीकार कर लिये गये हैं

### ये है मामला

महालेखाकार द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि नगर निगम कोरबा वहां स्थित तीनों विद्युत कंपनियों द्वारा प्रस्तुत अचल संपत्ति के स्व-मूल्यांकन विवरण और जमा की गई संपत्ति कर राशि का भौतिक सत्यापन किया, तो पाया गया कि जमा किए गए संपत्ति कर में 10 प्रतिशत से अधिक का अंतर था। कंपनियों द्वारा धारा 144 के तहत स्व-मूल्यांकन द्वारा। इसलिए, अधिनियम की धारा 138 की उपधारा 3 के प्रावधान के अनुसार, फरवरी 2014 में संबंधित कंपनियों को जुर्माना राशि का पांच गुना जमा करने के लिए एक पत्र और मांग बिल भेजा गया था। लेकिन जब उक्त राशि निगम कोष में जमा नहीं हुई तो इसके जवाब में नवंबर 2016 और दिसंबर 2020 में दोबारा पत्र भेजा गया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (पश्चिम) हसदेव थर्मल पावर स्टेशन कोरबा ने अक्टूबर 2021 में पत्र भेजकर जुर्माना राशि रुपये माफ करने की अपील की थी। जिस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कंपनियों ने आज तक न तो जुर्माना राशि जमा की और न ही नगर निगम अधिनियम, 1956 की धारा 175 के तहत कोई कुर्की वारंट जारी किया गया था और न ही चल संपत्ति के अधिग्रहण और बिक्री कर राशि की वसूली के लिए कोई कार्रवाई की गई थी।

# सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र में चल रहा कबाड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

अंचल में कबाड़ का अवैध कारोबार इन दिनों बड़े स्तर पर चल रहा है। जिस पर लगाम कसने प्रशासनिक अधिकारी भी आगे नहीं आ रहे हैं। इसके चलते अवैध कबाड़ विक्रेताओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। शहर सहित आसपास के गांवों में कबाड़ियों का अवैध कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। ग्रामीण अंचल में चोरी के वाहनों की खरीदी- बिक्री भी खूब हो रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंचल में चोरी के वाहनों के सामानों को धरसीवाँ क्षेत्र में वाहनों को कबाड़ में बदलने का कार्य आसानी से हो जाता है। जहां से विभिन्ना स्थानों पर लोहे के टुकड़ों को भेजा जाता है। वहीं धरसीवां क्षेत्र में कबाड़ का धंधा फल फूल रहा है। सिलतरा, सांकरा, धनेली सिलयारी में जानकारी मिल रही है। अगर कोई कबाड़ी व्यापारी खरीदे सामानों को अन्य स्थान पर बेचने या अधिक दामों में बेचने की कोशिश करता है तो उन्हें प्रशासनिक अधिकारियों से कार्रवाई करा दिए जाने का भय दिखाया जाता है। जिले के कबाड़ी व्यापारी खरीदे सामान को एक ही कबाड़ी को बेचते हैं। चाहे वहां फायदा हो या नुकसान कबाड़ियों का यह अवैध कारोबार कई वर्षों से चल रहा है। कबाड़ के सामानों पर किसी तरह का शासन द्वारा जीएसटी नहीं लगाए जाने के कारण शासन का लाखों का राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। वहीं इस कारोबार में नाबालिगों को लालच देकर चोरी के कार्य में धकेल कर कबाड़ एकत्रित कराया जा रहा है।चोरी के माल खरीद कर फल- फूल रहे कबाड़ विक्रेताओं पर न तो पुलिस कार्रवाई कर रही है और न ही राजस्व विभाग के अधिकारी। कुछ माह पूर्व शहर में इसी तरह की एक घटना सामने आई थी जिसके बाद बड़ा खुलासा पुलिस ने किया था।

वाहन मालिकों को कबाड़ियों का खौफ कबाड़ के व्यवसाय में भी अब कमाई के नए-नए तरीके खोजे जा रहे हैं। वहीं सड़क पर खड़े व गैरेज के सामने खड़े पुरानी कारों के पाट्र्स भी गायब हो रहे हैं। गैस कटर का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

# एक पेड़ मां के नाम थीम पर किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



विश्व पर्यावरण दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग मे स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे मोदी सरकार का थीम "एक पेड़ माँ के नाम" को अमल करते हुए फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण बीएमओ डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत के नेतृत्व मे किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया की आरंग ब्लॉक के 48 उपस्वास्थ्य केंद्र, 7 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 3 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे लगभग 500 फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता के.के भारद्वाज द्वारा उपस्थितजनो को वृक्षारोपण महत्व के बारे मे संदेश दिया गया और सभी को वृक्षारोपण करने की अपील किया गया। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष देवनाथ साहू, महामंत्री अशोक चंद्राकर, पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका चंद्रशेखर साहू, व्यपार प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, किसान मोर्चा महामंत्री राकेश सोनकर, युवा शक्ति अध्यक्ष विनोद साहू, पूर्व पार्सद मनोज तम्बोली, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष वेद देवागन, मंत्री एससी मोर्चा विक्रम परमार, पूर्व पार्शद सतीश सोनकर, सांसद प्रतिनिधि विजय अग्रवाल, युवा मोर्चा सूर्यकांत खेलन, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अध्यक्ष सालिक नौरंगे, बीपीएम दीपक मिरे, डॉ. बी.के. चंद्रवंशी, डॉ नन्दलाल भुवार्य, डॉ हरीश बाघ, डॉ राहुल चोपड़ा, बीईई महेश चंद्राकर, अरविन्द चंद्राकर एवं बड़ी संख्या मे स्वास्थ्य कर्मचारी तथा नसिंर्ग स्टूडेंट उपस्थित थे।

## रायखेड़ा विद्यालय के पूर्व छात्रों ने किया पौधारोपण



**तिल्दा नेवरा।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा में विगत वर्ष के कक्षा बारहवी अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने अपनी यादों को शेष रखने के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण व्याख्याता जितेंद्र वर्मा के निर्देशन में किया। विद्यार्थियों का मानना है कि हम इस विद्यालय से विद्या अध्ययन उपरांत जा रहे हैं। हमारी स्मृति शेष के लिए इन पौधों को लगाकर जा रहे हैं ताकि हमें यह एहसास हो कि हमारे द्वारा लगाए गए पौधे हमारी याद को तरो ताजा करता रहेगा। पौधारोपण करने वाले छात्रों में तारिणी वर्मा, कुमकुम वर्मा, प्रीति, रानी धीवर, चंचल, दीपक, ओंकार धीवर,लोकेश वर्मा, युगल कुमार , मयंक माहेश्वरी, पुरुषोत्तम साहू आदि छात्र-छात्राओं ने अपनी स्मृति शेष बनाए रखने के लिए पौधारोपण किया।



## सहकारी समिति प्रांगण खोरपा में गए लगाए गुलमोहर व अमरूद के पौधे

**अभनपुर।** प्राथमिक साख सहकारी समिति प्रांगण खोरपा में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण किया गया। ग्राम विकास शोध समाधान केंद्र खोरपा संस्थापक प्रभात मिश्र व सहकारी केन्द्रीय बैक प्रबंधक सत्य नारायण साहू एवं कर्मचारियों द्वारा गुलमोहर, अमरूद सहित अन्य पौधों का रोपण कर पर्यावरणीय दृष्टि से हरीतिमा को बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर समिति प्रबंधक हिरामन साहू, टिकेश्वर धीवर, भूपेन्द्र साहू, जितेश यादव उपस्थित रहे।

# विधायक अनुज ने जनपद पंचायत में लगाया पौधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात में देशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने के आह्वान पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने की अपील की है। जिसके तहत दाऊ पोषण लाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसतराई में वृहद वृक्षा रोपण किया गया साथ ही जनपद पंचायत प्रांगण में धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा ने एक पेड़ अपनी माँ के नाम पर वृक्ष लगाया।

इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम के आह्वान से बच्चों का पर्यावरण से जुड़ाव बढ़ेगा। इसमें पालकों और शिक्षकों को शामिल करने से निश्चित ही बड़े पैमाने पर पौध रोपण हो सकेगा। धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जनपद पंचायत धरसींवा प्रांगण में अपनी माताजी के सम्मान में पौधारोपण किया। उन्होंने जनपद पंचायत में एक फलदार का पौधा रोपा। उन्होंने कहा कि, इस अभियान के अंतर्गत लगे पौधे जननी और जन्मभूमि के रिश्ते को एक नई पहचान देंगे।इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती अनिता जैन,भाजपा मंडल अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा,मीडिया प्रभारी हेमंत वर्मा,महिला मोर्चा अध्यक्ष रूखमणी शिवारे,उषा वर्मा,भाजपा उपाध्यक्ष कौशल साहू,कार्यालय प्रभारी विवेक शर्मा, प्रदीप वर्मा, वसीम खान, बंटी शर्मा, चन्द्रकान्त सोनमीरी सहित जनपद पंचायत परिवार उपस्तिथ थे।





## जनदर्शन में 70 प्रकरणों की त्वरित निराकरण

# विधायक जनदर्शन में समस्याओं के त्वरित निराकरण से लोग हुए प्रसन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

जनपद पंचायत धरसींवा में विधायक अनुज शर्मा ने शुक्रवार को जनदर्शन कार्यक्रम में लोगों से उत्साह पूर्वक मिले। जहां शुक्रवार से विधायक से मिलने वालों ने आर्थिक सहायता, इलाज के लिए सहायता, विभिन्न निर्माण कार्यों के संबंध में आवेदन देकर समाधान का आग्रह किया। जहां ग्राम सोनड्रा के भगेला साहू ने जिसकी दोनों आंखे कमजोर है जिससे धरसींवा पुलिस ने मामला निपटाने पांच हजार रुपये मांगने की बात कहीं जिससे देख विधायक अनुज शर्मा ने तत्काल पुलिस विभाग को संज्ञान में लिए और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिए। वहीं जनदर्शन में 70 प्रकरणों की त्वरित निराकरण किये।



शुक्रवार को विधानसभा धरसींवा के विधायक अनुज शर्मा के जनदर्शन में पास के सोनड्रा के एक बुजुर्ग भगेला साहू जिसकी दोनों आंखे कमजोर है जिससे दिखाई नही देते जो विधायक को बताया किसी सामान्य मामले में पुलिस से सहयोग मांगने गए थे जंहा धरसींवा पुलिस ने पांच हजार रुपये की राशि मांगने की बात पर प्रताड़ति करने का आरोप लगाया वही विधायक अनुज शर्मा ने इस बात पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए धरसींवा पुलिस को तुरंत संज्ञान में लिए ओर दोषी पुलिस कर्मी पर कार्यवाही का आश्वासन दिए साथ ही भगेला साहू की आंख की इलाज की भी त्वरित व्यवस्था किये। विधान सभा धरसींवा के ग्राम पंचायत भरवाडीह में जब विधायक अनुज शर्मा शाला प्रवेश उत्सव में पहुचे तब छात्र-छात्राओं ने विधायक से शिकायत किये की स्कूल की जमीन पर ग्रामीणों ने कब्जा कर लिए है जिससे खेल ग्राउंड खत्म हो गए है। जिसे लेकर विधायक अनुज शर्मा ने ग्रामीणों से विनम्र अपील किये थे कि बच्चों के खेलकूद के लिए अतिक्रमण छोड़ दे। बता दे विधायक की अपील के बाद जनदर्शन में पहुचे एक बुजुर्ग ने विधायक के समक्ष अपनी अतिक्रमण छोड़ देने की बात कही और बाकी ग्रामीण भी अतिक्रमण छोड़ देने की उम्मीद जताई है।

# भूपेश बघेल बोले- प्रदेश में यात्री सुविधाएं बदहाल, भाजपा के दस सांसद हैं, पहल करनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, छत्तीसगढ़ की यात्री सुविधा बदहाल है। 1000 से अधिक ट्रेनें रद्द हो गई हैं और वह माल लदान का काम है, वह रिकार्ड बना रहा है। कोरोना काल से लेकर अब तक केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के यात्रियों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार कर रही है जो घोर निंदनीय है। इस मामले में छत्तीसगढ़ सरकार को ध्यान देना चाहिए। केंद्र सरकार में 10-10 सांसद जीत कर आए हैं, उनको इस मामले में पहल करनी चाहिए और यहां के यात्रियों को जो सुविधा मिल रही थी वह जारी रहे।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री बघेल ने कहा, रेडी टू ईट का पेमेंट नहीं हुआ और शालाएं शुरू हो गई हैं। बच्चों को रेडी टू ईट मिल नहीं रहा है और यह कहा जा रहा है कि बीज निगम से पेमेंट नहीं हुआ। श्री बघेल ने कहा, महादेव ऐप में एफआईआर केवल छत्तीसगढ़ में हुई हैं। सभी आरोपी को पकड़-पकड़कर कोई हैदराबाद से मुंबई, गोवा, ओडिशा, उत्तरप्रदेश और दिल्ली से ला रहे हैं। भाजपा शासित राज्यों में महादेव सट्टा ऐप चल रहा है। श्री बघेल ने कहा, मुख्यमंत्री जनदर्शन कर रहे हैं, उसके बाद दो मंत्री भी जनदर्शन कर रहे है। यहां पर गुटबाजी देखने को मिल रही है।

# एनएसयूआई में बिना सूचना आंदोलन बैन, गुटबाजी को देखते लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एनएसयूआई के कार्यकर्ता अब संगठन को सूचना दिए बगैर स्वैच्छिक रूप से धरना-प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे। एनएसयूआई द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी किया गया है।

एनएसयूआई द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि संगठन के किसी भी कार्यकर्ता को किसी भी मामले में विरोध-प्रदर्शन करने अथवा ज्ञापन सौंपने के पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री और जिलाध्यक्ष को सूचित करना अनिवार्य होगा। सूचित किए जाने के साथ ही अनुमति प्राप्त करने भी कहा गया है। आदेश का पालन नहीं किए जाने की स्थिति में संगठनात्मक कार्रवाई की बात कही गई है। गौरतलब है कि पं.रविशंकर शुक्ल विवि में बीते दिनों कई बार इस तरह की स्थिति निर्मित हुई है, जब एक ही मुद्दे को लेकर एनएसयूआई के दो से तीन गुट ज्ञापन सौंपने अथवा विरोध-प्रदर्शन करने चले गए। इससे असहजता की स्थिति भी निर्मित हुई। राजधानी में ही कई गुट बन चुके हैं। अन्य शहरों में भी कई बार इस तरह की स्थिति निर्मित होते रही है। इसे देखते हुए आदेश जारी करने की बात अंदरुनी सूत्र कह रहे हैं।

### नेतृत्व का अभाव

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, विधानसभा और उसके बाद लोकसभा चुनावों में एनएसयूआई विशेष रूप से सक्रिय नजर आई। प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी पर नेतृत्व क्षमता को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। बीते दिनों कई गंभीर मामले पर धरना-प्रदर्शन हुए, लेकिन इस अनुसार भीड़ एनएसयूआई नहीं जुटा पाई और ना ही सरकार को उचित तरीके से घेर पाई। आपसी मन-मुटाव की भी खबरें हैं। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, हालात को देखते हुए इस वर्ष के अंत तक संगठन में बड़ा बदलाव हो सकता है।




### समन्वय बनाने के लिए

गुटबाजी या इस तरह की बातें केवल अफवाह हैं। समन्वय बनाए रखने के लिए यह व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी विरोध-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हो सकें।

**- शांतनु झा,**
जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय आज बिलासपुर प्रवास पर

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 6 जुलाई को पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर के षष्ठम दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे।



मुख्यमंत्री श्री साय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जशपुर जिले के बगिया से पूर्वान्ह 10.30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 11.15 बजे बिलासपुर पहुंचेंगे। जहां वे पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। श्री साय बिलासपुर से दोपहर 12.40 बजे रवाना होकर 1.15 बजे रायपुर लौट आएंगे।

### रेल मंत्री वैष्णव से मिले डिप्टी सीएम साव-शर्मा



रायपुर। दिल्ली प्रवास के दौरान प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा ने रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान छत्तीसगढ़ में चल रही रेल परियोजनाओं को लेकर चर्चा की गई।

### वासनीकर बने जांच आयुक्त

**रायपुर**। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा एक आदेश जारी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी दिलीप वासनीकर को विभागीय जांच आयुक्त नियुक्त किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि श्री वासनीकर की संविदा नियुक्ति की अवधि में 5 जुलाई 2024 से एक वर्ष तक की वृद्धि की गई है।

### पवन साय, राजेश मूणत ने एक पेड़ मां के नाम रोपित किया



**रायपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रकृति संरक्षण हेतु एक अनोखी पहल करते हुए पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम जैसा अभियान चलाया है। इसी कड़ी में रायपुर पश्चिम में विधायक राजेश मूणत और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने भी एक पेड़ मां के नाम रोपित किया। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष जयंत पटेल, भूपेन्द्र ठाकुर, अशोक पांडेय, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, सत्यम दुवा, ओंकार बैस, बजरंग खंडेलवाल,अमित मैशेरी, नवीन शर्मा, नीलम सिंह, विशाल पांडेय, मनोरमा हनोतिया, दिनेश शर्मा, नवीन सिंह, अशोक भल्ला,दीपक जायसवाल, कमलेश वर्मा, अमर बंसल,ओखराज पटेल, अशोक ठाकुर, शिव ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शुक्ला बोले-साय सरकार ने एक भी आवास नहीं बनाया

**रायपुर**। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जनता से वादा किया था कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही 18 लाख लोगों को आवास दिया जाएगा। मुख्यमंत्री सीएम हाउस में बाद में प्रवेश करेंगे, पहले आवास आवंटित होगा। हकीकत यह है कि राज्य में भाजपा की सरकार बने 6 माह हो गया, अभी तक साय सरकार ने एक भी आवासहीन के लिए आवास नहीं बनाया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जिनके लिए आवास स्वीकृत किए थे उनको भी दूसरी किस्त भाजपा सरकार नहीं दे पाई है। श्री शुक्ला ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रधानमंत्री आवास के मकानों की संख्या को स्वीकृति ही नहीं दी है। राज्य सरकार खुद ही संख्या की घोषणा कर अपनी पीठ थपथपा रही है।



## बिजली कंपनियों ने अब तक राशि अदा नहीं की

# बिजली संयंत्रों ने संपत्तिकर जुर्माने के 5.33 करोड़ रुपए जमा नहीं किए

### सीएजी ने पकड़ी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरबा स्थित दो बिजली सयंत्रो पर नगर निगम द्वारा लगाए गए संपत्तिकर जुर्मान की राशि खुद नगर निगम ही वसूल नहीं कर पाया। यह मामला ऑडिट जांच में महालेखाकार ने पकड़ा है। अब नगर निगम से कहा गया है कि इस ऑडिट आपत्ति का छह सप्ताह में निरारण कराएं। अगर ऐसे नही किया गया तो महालेखाकार द्वारा समझा जाएगा कि विभाग द्वारा इन तथ्यों को स्वीकार कर लिया गया है, विभाग की इस पर कोई टिप्पणी नहीं है। मामला ये है कि कोरबा स्थित तीन विद्युत कंपनियों ने स्व मूल्यांकन के आधार पर संपत्तिकर जमा किया था। जांच के बाद पाया गया कि संपत्ति कर कम जमा किया गया है। इसलिए तीने विद्युत कंपनियों पर 5.33 करोड़ रुपयों का जुर्माना लगाया गया था, लेकिन यह राशि जमा नहीं की गई।

इस मामले को लेकर संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने कोरबा नगर निगम आयुक्त को पत्र जारी किया है। संचालनालय ने निगम से कहा है कि इस मामले में सामने आए तथ्यों का सत्यापन कराते हुए अपने अभिमत या टिप्पणी सहित क्षेत्रीय संयुक्त संचालक बिलासपुर को तीन दिनों में रिपोर्ट दें, ताकि मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाकर अगली कार्यवाही प्रस्तावित की जा सके। संचालनालय ने यह पत्र महालेखाकार द्वारा जारी आडिट आपत्ति संबंधी पत्र के आधार पर कही है।



### पत्र में ये लिखा है महालेखाकार ने

महालेखाकार छत्तीसगढ़ द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि नगर निगम कोरबा को 5.53 करोड़ रुपए जमा नहीं करने पर भी वसूली के लिए आवश्यक कार्रवाई नहीं की जा रही है। विषय से संबंधित तथ्यात्मक विवरण देते हुए कहा गया है कि ये तथ्यात्मक विवरण संबंधित कार्यालयों एवं उच्च अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के समय अथवा बाद के पत्राचार में उठाई गई आपत्तियों के जवाब में दी गई जानकारी के आधार पर संकलित किए गए हैं। महालेखाकार ने कहा है कि तथ्यातमक विवरण में तथ्यों को सत्यापित करें और पत्र प्राप्त होने के छह सप्ताह के भीतर अपनी टिप्पणियाँ, यदि कोई हों, इस कार्यालय को भेजें। यदि छह सप्ताह की अवधि में कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो यह समझा जायेगा कि विभाग द्वारा उपरोक्त तथ्य स्वीकार कर लिये गये हैं

### ये है मामला

महालेखाकार द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि नगर निगम कोरबा वहां स्थित तीनों विद्युत कंपनियों द्वारा प्रस्तुत अचल संपत्ति के स्व-मूल्यांकन विवरण और जमा की गई संपत्ति कर राशि का भौतिक सत्यापन किया, तो पाया गया कि जमा किए गए संपत्ति कर में 10 प्रतिशत से अधिक का अंतर था। कंपनियों द्वारा धारा 144 के तहत स्व-मूल्यांकन द्वारा। इसलिए, अधिनियम की धारा 138 की उपधारा 3 के प्रावधान के अनुसार, फरवरी 2014 में संबंधित कंपनियों को जुर्माना राशि का पांच गुना जमा करने के लिए एक पत्र और मांग बिल भेजा गया था। लेकिन जब उक्त राशि निगम कोष में जमा नहीं हुई तो इसके जवाब में नवंबर 2016 और दिसंबर 2020 में दोबारा पत्र भेजा गया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (पश्चिम) हसदेव थर्मल पावर स्टेशन कोरबा ने अक्टूबर 2021 में पत्र भेजकर जुर्माना राशि रुपये माफ करने की अपील की थी। जिस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कंपनियों ने आज तक न तो जुर्माना राशि जमा की और न ही नगर निगम अधिनियम, 1956 की धारा 175 के तहत कोई कुर्की वारंट जारी किया गया था और न ही चल संपत्ति के अधिग्रहण और बिक्री कर राशि की वसूली के लिए कोई कार्रवाई की गई थी। जवाब में ऑडिट आपत्ति को स्वीकार करते हुए बताया गया कि बिजली कंपनियों द्वारा जुर्माना राशि माफ करने की अपील के जवाब में निगम द्वारा राशि जमा कराने के बाद कंपनियों को सूचित किया गया कि मामले पर विचार किया जायेगा। स्थिति को शासन के संज्ञान में लाया गया है।

## भूपेश बघेल बोले- प्रदेश में यात्री सुविधाएं बदहाल, भाजपा के दस सांसद हैं, पहल करनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, छत्तीसगढ़ की यात्री सुविधा बदहाल है। 1000 से अधिक ट्रेनें रद्द हो गई हैं और वह माल लदान का काम है, वह रिकार्ड बना रहा है। कोरोना काल से लेकर अब तक केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के यात्रियों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार कर रही है जो घोर निंदनीय है। इस मामले में छत्तीसगढ़ सरकार को ध्यान देना चाहिए। केंद्र सरकार में 10-10 सांसद जीत कर आए हैं, उनको इस मामले में पहल करनी चाहिए और यहां के यात्रियों को जो सुविधा मिल रही थी वह जारी रहे।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री बघेल ने कहा, रेडी टू ईट का पेमेंट नहीं हुआ और शालाएं शुरू हो गई हैं। बच्चों को रेडी टू ईट मिल नहीं रहा है और यह कहा जा रहा है कि बीज निगम से पेमेंट नहीं हुआ। श्री बघेल ने कहा, महादेव ऐप में एफआईआर केवल छत्तीसगढ़ में हुई हैं। सभी आरोपी को पकड़-पकड़कर कोई हैदराबाद से मुंबई, गोवा, ओडिशा, उत्तरप्रदेश और दिल्ली से ला रहे हैं। भाजपा शासित राज्यों में महादेव सट्टा ऐप चल रहा है। श्री बघेल ने कहा, मुख्यमंत्री जनदर्शन कर रहे हैं, उसके बाद दो मंत्री भी जनदर्शन कर रहे है। यहां पर गुटबाजी देखने को मिल रही है।

मुस्लिम समाज के द्वारा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग पर श्री बघेल ने कहा, शंकराचार्य जी ने इस मामले को लगातार उठाया है, यात्राएं भी की। मुस्लिम समाज की तरफ से इसलिए आया है कि मॉब लीचिंग के नाम से लगातार पूरे देश में न केवल छत्तीसगढ़ में इस प्रकार से पूरे देश भर में चाहे बजरंग दल हो, चाहे हिन्दू परिषद के लोग हो गुंडागर्दी कर रहे हैं, मारपीट कर रहे हैं, हत्यायें कर रहे हैं।

### कोयला कारोबार पर कब्जा जमाने भाजपा में गैंगवार: बैज

**रायपुर**। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकारी ठेकों कोयला और जमीनों के कारोबार पर कब्जा के लिए भाजपाइयों में गैंगवार छिड़ी हुई है। रायगढ़ जिले से लगे सुन्दरगढ़ बार्डर पर भाजपा के दो गुट के नेताओं के बीच कोयला कारोबार के वर्चस्व को लेकर सरे आम गोलीबारी की घटना हुई। श्री बैज ने कहा, प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं, इस मामले में घंटों तक गोलियां और धारदार हथियार चलाए गए। दो ढाई सौ लोग हथियार लेकर एक दूसरे पर टूट पड़े थे। इस पूरे मामले में भाजपा के एक पूर्व विधायक का पुत्र तथा वर्तमान सरकार के मंत्री के खास लोगों की संलिप्तता है। ओडिशा में इस मामले को लेकर पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है।

**प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज बोले- प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से हो चुकी है चर्चा, जल्द होगा फैसला**

# प्रदेश कांग्रेस में बड़े बदलाव के संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में मिली हार को लेकर कांग्रेस लगातार समीक्षा कर रही है। इसी के साथ अब प्रदेश कांग्रेस में भी बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। कई जिलों के अध्यक्ष और पदाधिकारियों को बदलने की तैयारी है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज का कहना है, इस मामले में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से भी चर्चा हो गई है, जल्द ही इस पर फैसला होगा।

इस बार विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस सत्ता में वापसी नहीं कर सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई बड़े नेताओं पर



दांव खेला और उनको चुनाव मैदान पर उतारा। इसके बाद भी कांग्रेस के हाथ एकमात्र कोरबा की लोकसभा सीट लगी। लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस लगातार समीक्षा कर रही है, इसमें लगातार कई बातें निकालकर सामने आ रही हैं। इसमें भितरघात की बातें भी हो रही है। इस बीच अब प्रदेश संगठन में बदलाव की चर्चा हो रही है।

### होगा बदलाव : दीपक बैज

प्रदेश कांग्रेस संगठन में बदलाव को लेकर प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज का कहना है, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से भी इस विषय पर चर्चा हुई है। जल्द ही कई बदलाव प्रदेश कांग्रेस कमेटी में होंगे। जो पद खाली हैं, उनमें भी मेहनती लोगों की नियुक्ति होगी।

### दो दिन मैराथन बैठकें

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में दो दिनों तक मैराथन बैठकें होंगी। 9 जुलाई को वरिष्ठ नेताओं, जिला अध्यक्षों की बैठक होगी। इसके अगले दिन 10 जुलाई को रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर बैठक होगी। बैठक में रायपुर के सभी प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे। रायपुर दक्षिण के लिए कई दावेदारों के नाम भी चल रहे हैं। रायपुर दक्षिण का उपचुनाव नगरीय निकाय चुनाव के साथ होने की संभावना है। इसको लेकर कांग्रेस अभी से तैयारी में जुटना चाहती है।

**ओम माथुर के रहते निभा रहे थे सहप्रभारी की जिम्मेदारी**

# नितिन नवीन को बनाया गया अब भाजपा का प्रदेश प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर के स्थान पर लंबे समय से सहप्रभारी बिहार के मंत्री नितिन नवीन भाजपा प्रदेश प्रभारी का जिम्मा देख रहे हैं। लोकसभा चुनाव के समय इस बार ओम माथुर की छत्तीसगढ़ से लगातार दूरी के बाद सवाल भी खड़े हो रहे थे कि ऐन चुनाव के समय वे कहां हैं? राष्ट्रीय संगठन ने उनको दूसरा बड़ा जिम्मा दे दिया था। ऐसे में पहले नितिन नवीन को प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया गया और इसके बाद लोकसभा चुनाव के बीच में ही उनको मौखिक रूप से प्रदेश प्रभारी भी बना दिया गया। अब शुक्रवार को राष्ट्रीय संगठन ने अधिकृत रूप से कई राज्यों के प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारियों का ऐलान किया है तो इसमें नितिन नवीन को छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है।

विधानसभा चुनाव से पहले बीते साल प्रदेश प्रभारी का जिम्मा डी. पुरंदेश्वरी के स्थान पर ओम माथुर को दिया गया था। उनको प्रदेश में भाजपा की फिर से सरकार बनाने की बड़ी



जिम्मेदारी के साथ राष्ट्रीय संगठन ने भेजा था। इस जिम्मेदारी पर श्री माथुर खरे भी उतरे और प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गई। विधानसभा चुनाव में सहप्रभारी नितिन नवीन की भी अहम भूमिका रही। इसके बाद जब इस साल लोकसभा के चुनाव हुए तो इनमें ओम माथुर की लगातार प्रदेश से दूरी रही। उनको दूसरी बड़ी जिम्मेदारी देने के कारण चुनाव में नितिन नवीन को प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया गया, हालांकि तब उनको प्रदेश प्रभारी घोषित नहीं किया और सहप्रभारी ही रहे, लेकिन भाजपा के पदाधिकारियों का कहना है कि लोकसभा चुनाव के बीच में ही उनको मौखिक रूप से प्रदेश प्रभारी भी बना दिया गया था। लोकसभा चुनाव के बाद इस बार नितिन नवीन 15 और 16 जून को जब दो दिनों के दौरे पर प्रदेश संगठन की बैठकें लेने आए तो इस बार वे यहां पर प्रदेश प्रभारी के रूप में ही आए। उन्होंने यहां पर प्रदेश संगठन के साथ विधायक दल और सांसदों की भी बैठक ली। अब 10 जुलाई को होने वाली प्रदेश कार्यसमिति से पहले भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने श्री नवीन को अधिकृत रूप से प्रदेश प्रभारी बना दिया है।

### लता उसेंडी ओडिशा की सहप्रभारी



भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने कोंडागांव विधायक और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी को छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य ओडिशा का प्रदेश सहप्रभारी बनाया है। इस बार ओडिशा में भाजपा की सरकार बनी है। ओडिशा के प्रदेश प्रभारी विजयपाल सिंह तोमर बनाए गए हैं।

## 16 से बढ़कर 95 प्रतिशत तक पहुंची ट्रेकर क्षमता

# पोषण ट्रेकर की मदद से अब कुपोषित बच्चों की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में कुपोषित बच्चों की निगरानी पोषण ट्रेकर एप की मदद से की जा रही है। इसकी क्षमता अब 16 से बढ़कर 96 प्रतिशत तक पहुंच गई है। प्रदेश में ऐसे 22.5 लाख बच्चे हैं जिनकी पोषण से संबंधित जानकारी नियमित रूप से अपडेट की जा रही है। अब सभी बच्चों की जानकारी विभिन्न मापदंडों पर एक क्लिक में उपलब्ध है। इससे इन कुपोषित बच्चों को संतुलित पोषण प्रदान करने में काफी मदद मिल रही है।

एम्स में बाल रोग विभाग के अंतर्गत स्थापित 'स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर न्यूट्रीशन इंटरवेंशन्स' की मदद से यह संभव हो सका है। सेंटर के कार्यक्रम निदेशक प्रो. अनिल कुमार गोयल ने बताया कि टेलीमॉनीटरिंग और टेलीमेंटरिंग की मदद से वर्ष 2023 में 106 न्यूट्रिशन रिहेब्लिटेशन सेंटर्स की टेली मॉनीटरिंग की गई। इसके साथ ही प्रदेश में 57 से अधिक सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों की टेली मेंटरिंग की जा रही है। 1100 आंगनवाड़ी सेंटर्स और 22 हजार से ज्यादा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रेकर और 'कम्युनिटी बेस्ड मैनेजमेंट ऑफ सिवियर एक्यूट मॉलन्यूट्रिशन' प्रबंधन कार्यक्रम के साथ जोड़ा गया है। बच्चों के कुपोषण के विभिन्न मापदंडों पर अब सटीक जानकारी इस सेंटर के पास उपलब्ध हो पा रही है। जनवरी 2023 से अब तक 208 बच्चों को चिन्हित किया गया है जो कुपोषण या अति कुपोषण का शिकार हैं। प्रयास किया जा रहा है कि प्रदेश में 14000 से ज्यादा कुपोषित बच्चों की नियमित निगरानी की जा सके।



### यूनीसेफ-एम्स के मध्य बैठक

इस संबंध में यूनीसेफ और एम्स के मध्य बैठक आयोजित की गई। इसमें कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदलऔर यूनिसेफ के प्रदेश प्रमुख (कार्यकारी) विलियम हैंलोन जूनियर ने भविष्य की परियोजनाओं पर चर्चा की। जिंदल ने प्रदेश स्तर पर पोषण संबंधी विस्तार कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए बाल रोग विभाग और यूनिसेफ की सराहना की। इस अवसर पर प्रो. गोयल और यूनिसेफ की पोषण विशेषज्ञ डॉ. अपर्णा देशपांडे और पोषण अधिकारी डॉ. महेंद्र प्रजापति भी उपस्थित थे।



### प्राथमिक शाला रायपुरा में पौधारोपण अभियान

**रायपुर**। शासकीय प्राथमिक शाला रायपुरा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानपाठक लकी शुक्ला दुबे ने पौधा लगाकर शुरुआत की। इस दौरान स्कूल के प्रांगण में छात्र-छात्राओं और सभी शिक्षकों ने भी पौधे रोपे और उनकी रक्षा की शपथ ली। प्रधानपाठक श्रीमती दुबे ने बच्चों को पेड़ों का महत्व बताते हुए कहा कि पर्यावरण को हरा-भरा रखने के लिए हमें प्रतिवर्ष पौधारोपण करना चाहिए। पर्यावरण की रक्षा के लिए यह आवश्यक है। इस मौके पर स्कूल परिसर में नीम, आंवला, आम, अशोक एवं अन्य पौधे लगाए गए। इस दौरान अध्यापक कीर्ति ठाकुर, कीर्तन वर्मा, मीनाक्षी मिश्रा, माधुरी ध्रुव, मीनाक्षी मेश्राम, पद्मा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कृषि सहकार सम्मेलन सम्मान समारोह आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर सहकार भारती छत्तीसगढ़ द्वारा 6 एवं 7 जुलाई को राजधानी रायपुर में प्रदेशस्तरीय कृषि सहकार सम्मेलन और सम्मान समारोह रखा गया है।

आयोजन का उद्घाटन प्रदेश के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप करेंगे। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा, विधायक अनुज शर्मा और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल भी इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। रायपुर कृषि महाविद्यालय जोरा के कृषि मंडपम में आयोजित समारोह का समापन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आथित्य में होगा। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषिमंत्री राम विचार नेताम करेंगे। डॉ. गिरीश चंदेल तथा स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई दुर्ग के डॉ. मुकेश कुमार वर्मा विशिष्ट अतिथि रहेंगे।

पहले दिन 6 जुलाई को पुणे महाराष्ट्र के प्रसिद्ध राष्ट्रीय कलाकार दामोदर रामदासी द्वारा योद्धा सन्यासी स्वामी विवेकानंद का एकल नाट्य मंचन शाम 5 बजे किया जाएगा। 7 जुलाई को शाम 5 बजे रामदासी द्वारा एकल नाट्य मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का भी मंचन किया जाएगा।

# दूध, दही, पनीर के बाद अब मिठाइयों में भी घुली महंगाई की कड़वाहट


## राजधानी के मिठाई कारोबारी ने बढ़ाए 20 से 40 रुपए तक प्रति किलो पर दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमूल दूध की कीमत में दो रुपए का इजाफा होने के बाद अब ज्यादातर कंपनियों ने अपने दूध की कीमत में इजाफा कर दिया है। इसका असर यह हुआ है कि पहले मिठाई कारोबारियों ने दही के दाम 20 रुपए और पनीर 40 रुपए प्रति किलो बढ़ा दिए। अब दूध से बनने वाले मिठाई की कीमत 20 रुपए किलो और दूध के साथ काजू की मिठाई के दाम 40 रुपए किलो तक बढ़ा दिए हैं। मिठाई की कीमत में बीते साल से इजाफा नहीं किया गया था, जबकि मार्च 2022 और फरवरी 2023 के बीच में दूध की कीमत में चार बार में 8 रुपए का इजाफा किया गया था। महंगाई है कि थमने का नाम नहीं ले रही है। खासकर किचन के सामान के दाम लगातार आसमान पर जा रहे हैं। बीते माह दूध की कीमत में अधिकतर कंपनियों ने दो रुपए किलो का इजाफा कर दिया। साथ ही दही की कीमत में भी बढ़ोतरी की गई। दूध महंगा होने का असर अब दुग्ध उत्पादों पर भी दिखने लगा है।

### दही-पनीर हुए महंगे

दूध बेचने वाली कंपनियां तो दही और पनीर पैकेट में बेचती है, लेकिन मिठाई दुकानों के साथ डेयरी तथा किराना दुकानों में दही, पनीर खुला भी बेचा जाता है। इसकी कीमत भी अलग-अलग होती है। राजधानी के मिठाई कारोबारियों ने दूध की कीमत बढ़ने के बाद अब जहां दही की कीमत में 20 रुपए का प्रति किलो पर इजाफा किया है, वही पनीर की कीमत भी 40 रुपए बढ़ाई है। पहले जो दही 120 रुपए किलो थी, वह अब 140 और पनीर 400 से 440 रुपए हो गया है। कारोबारियों के मुताबिक जहां 10 लीटर दूध में 8 किलो दही बनती है, वहीं 10 लीटर दूध में दो किलो से कम पनीर बनता है। ऐसे में पुरानी कीमत पर दही और पनीर बेचना संभव नहीं है।



### किस मिठाई में कितने बढ़े दाम

स्वीट इंडिया के संचालक संजय विरानी ने बताया मिठाई कारोबारियों ने बैठक करके दूध और काजू की बढ़ी कीमत को देखते हुए दूध से बनने वाली मिठाई की कीमत बढ़ाने का फैसला किया और इसकी कीमत में इजाफा कर दिया गया है। ऐसे में अब काजू कतली 880 के स्थान पर 920 रुपए किलो, कलाकंद 560 के स्थान पर 580 रुपए, मिल्क केक 540 के स्थान पर 560 रुपए, बर्फी 520 के स्थान पर 540 रुपए, पेडा 460 के स्थान पर 480 रुपए, मलाई चाप 520 के स्थान पर 540 रुपए किलो हो गई है।

## खबर संक्षेप



### ऋषिकुल फाउंडेशन का पौधारोपण कार्यक्रम

रायपुर। ऋषिकुल फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी मानसून में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह एक आध्यात्मिक संस्था है, जहां निशुल्क, ध्यान का आयोजन किया जाता है, संस्था द्वारा हर साल पौधारोपण, भंडारा, स्कूलों में एमएचडीपी कार्यक्रम समेत जनकल्याण के कार्य किए जाते हैं। इस नेक कार्य में जो कोई भी राशि या पौधों का सहयोग देना चाहते हैं, वे फाउंडेशन से संपर्क कर सकते हैं।

### महाराष्ट्र मंडल में शपथ ग्रहण हनुमान चालीसा पाठ भी

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल चौबे कालोनी में शनिवार को शाम 6 बजे नवनिर्वाचित कार्यकारिणी, 14 समितियों के पदाधिकारियों के साथ 16 महिला केंद्रों की संयोजिकाओं-सह संयोजिकाओं का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित है। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे, वहीं विशेष अतिथि धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा उपस्थित होंगे। उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की बड़ी विशेषता यह है कि शपथ ग्रहण समारोह के अलावा महाराष्ट्र मंडल के महत्वाकांक्षी 16 कमरों के निर्माण के भावी प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही छह माह से जारी हनुमान चालीसा व रामरक्षा स्तोत्र पाठ अभियान के अंतर्गत सभी सभासद भक्तिभाव से 'पाठ' करेंगे।

## निधन


### डॉ. पीएल चंद्राकर



रायपुर। मेडिकल कॉलेज कैंपस निवासी डॉ. पीएल चंद्राकर का 5 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 जुलाई को सुबह 11.30 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सर्जन डॉ. संदीप चंद्राकर के पिता थे।

### भगवती पटेल

रायपुर। संजय नगर टिकरापारा निवासी भगवती पटेल (90) का 5 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे सामाजिक



कार्यकर्ता मदन पटेल, चंदू पटेल, संजय पटेल, चंदन पटेल, शिवकुमारी, सरोज निर्मलकर की माता थीं। उनके निधन पर धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग नेता सूरज निर्मलकर, पार्षद चंद्रपाल धनगर, सतनाम सिंह पनाग, माधव लाल यादव समेत अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक मुखिया ने शोक जताया और श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### डॉली ताण्डी



रायपुर। संतोषी नगर तरूण बाजार के पास निवासी डॉली ताण्डी का 4 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे सत्यानंद ताण्डी की माता थीं।

## जांच के बाद दोबारा दावा-आपत्ति मंगाई जाएगी

# मास्टर प्लान 2031 में थोक में गड़बड़ी कमेटी बनी, पर जांच की रफ्तार धीमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मास्टर प्लान 2031 में कई गड़बड़ियां पाई गई हैं, जिसकी जांच के लिए शासन स्तर पर कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी पिछले करीब ढाई महीने से गड़बड़ियों की जांच कर रही है, जो अब तक पूरी नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि कमेटी को 15 जून तक जांच पूरी कर इसकी रिपोर्ट शासन के समक्ष पेश करना था, लेकिन जांच की रफ्तार जिस गति से चल रही है, इसे देखते हुए अधिकारी भी अब जुलाई माहांत तक जांच पूरी होने का दावा कर रहे हैं।

### प्रारंभिक जांच में कई गड़बड़ियां उजागर

पूर्व कांग्रेस शासन काल में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने राजधानी रायपुर में वर्ष 2031 की आबादी का आकलन करते हुए मास्टर प्लान तैयार कर इसे लागू किया है। मास्टर प्लान को तैयार करने के बाद थोक में लोगों ने दावा-आपत्तियां लगाई थीं, जिनमें कई दावा-आपत्तियां सही होने के बावजूद उनका निराकरण नहीं किया था। प्रदेश में सरकार बदलने के बाद शासन ने मास्टर प्लान तैयार करने में हुई गड़बड़ियों का पता लगाने के लिए कमेटी बनाई है। इस कमेटी की प्रारंभिक जांच में भी कई तरह की गड़बड़ियां उजागर हो चुकी हैं। हालांकि कमेटी की जांच अभी जारी है, जिसकी फाइनल रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। फाइनल रिपोर्ट आने के बाद ही शासन स्तर पर भी इस मामले में कोई निर्णय लिया जा सकेगा।



### जनसुनवाई में खानापूर्ति 1432 दावा-आपत्तियों में महज 463 का निराकरण

नये मास्टर प्लान में कई खामियां थीं, जिसके कारण 1432 दावा-आपत्तियां आई थीं। इन दावा-आपत्तियों का निराकरण करने के लिए कलेक्टोरेट में जनसुनवाई की गई थी, जो सिर्फ खानापूर्ति साबित हुई थी, क्योंकि सुनवाई में अपना पक्ष रखने पहुंचे लोगों की बात तक सुनी नहीं गई थी। इसके बाद दावा-आपत्तियों का निराकरण किए बिना इसकी रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेज दिया गया था। बाद में पता चला कि इनमें से सिर्फ 463 आपत्तियों का निराकरण कर मास्टर प्लान को लागू कर दिया गया है।

### ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट पर आधारित है नया मास्टर प्लान

*नया मास्टर प्लान ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट पर आधारित है। इसके तहत रायपुर जिले की चारों दिशाओं के इलाकों को विकसित कर सर्व सुविधायुक्त बनाया जाना है, ताकि भविष्य में अनुमानित 30 लाख की जनसंख्या होने के बाद भी लोगों को सड़क, बसस्टैंड, अस्पताल, स्कूल, खेल मैदान, मनोरंजन की सुविधा आसानी से मिल सके।*

### इस तरह की मिली गड़बड़ियां

सूत्रों के अनुसार कमेटी की प्रारंभिक जांच में नये मास्टर प्लान में कई तरह की गड़बड़ी सामने आई है। इसमें कहीं जलाशय की जगह को आवासीय घोषित कर दिया गया है, तो कहीं आवासीय क्षेत्र को जलाशय क्षेत्र के रूप में दर्शा दिया गया है। इसके अलावा कई जमीनों को आवासीय की जगह अमोद-प्रमोद में तो कहीं कृषि भूमि को मिश्रित एवं व्यवसायिक क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। इसके अलावा वर्ष 2011 में वर्ष 2021 के लिए बनाए गए मास्टर प्लान में कई सड़कों की चौड़ाई को भी नये मास्टर प्लान में कम दिया गया है। कहीं सड़क की जरूरत नहीं है, वहां भी सड़क बनाए जाने का प्रस्ताव नये प्लान में शामिल किया है। इसके अलावा भी अन्य कई गड़बड़ियां भी पाई गई हैं।

### नए मास्टर प्लान में 106 गांव शामिल

नये मास्टर प्लान में 106 गांवों को शामिल किया गया है। सूत्रों के अनुसार नये मास्टर प्लान में ऐसी भी गड़बड़ी की गई है, इसमें कुछ राजनीतिक व रसूखदारों ने मास्टर प्लान तैयार करने से पहले से इन गांवों में जमीन खरीद ली है और उस क्षेत्र का लैंड यूज भी चेंज करा लिया है, ताकि भविष्य में जमीन से उन्हें जमकर फायदा हो।

### जांच कर रही कमेटी

मास्टर प्लान 2031 में हुई गड़बड़ियों की कमेटी जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में ही कई गड़बड़ियां मिली हैं, इसलिए इसकी जांच में थोड़ा समय लग रहा है। माहांत तक जांच पूरी होने की संभावना है।

- सौरभ कुमार, डायरेक्टर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग

# ट्रेनिंग सर्टिफिकेट में ट्रेनर का फार्मासिस्ट पंजीयन होना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फार्मेसी डिप्लोमा की पढ़ाई के दौरान तीन माह के इंटर्नशिप के बाद जारी होने वाले सर्टिफिकेट में ट्रेनर का फार्मासिस्ट पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में स्टेट फार्मेसी काउंसिल द्वारा सभी फार्मेसी कालेजों को पत्र जारी किया गया है।

■ फार्मेसी काउंसिल ने सभी कालेजों को जारी किया पत्र

जानकारी के अनुसार फार्मेसी डिप्लोमा की तीन साल की पढ़ाई के दौरान द्वितीय वर्ष की परीक्षा के बाद छात्र को किसी अस्पताल अथवा दवा दुकान में जाकर तीन माह का इंटर्नशिप पूरा करना होता है। अब तक इस इंटर्नशिप के बाद प्राप्त होने वाले प्रमाणपत्र में केवल ट्रेनर का नाम होता था, जिसकी वजह से कई बार इस बात का पता नहीं चल पाता था कि प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए सही तरीके से ट्रेनिंग की प्रक्रिया पूरी की गई है अथवा नहीं। इसके साथ ही इस बात पर ही संदेह रहता था कि ट्रेनिंग देने वाला फार्मेसी काउंसिल सदस्य है अथवा नहीं। इन बातों को ध्यान में रखते हुए स्टेट फार्मेसी काउंसिल द्वारा डिप्लोमा फार्मेसी की पढ़ाई कराने वाली संस्थाओं को इस बारे में सर्कुलर जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि जारी किए जाने वाले प्रमाणपत्र में ट्रेनर फार्मासिस्ट का पंजीयन नंबर लिखा जाए। रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर ने बताया कि आने वाले दिनों में फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन के दौरान आवेदन के निर्धारित कालम में फार्मासिस्ट का पंजीयन क्रमांक का उल्लेख करना जरूरी होगा।

## एक पौधा मां के नाम, गुजराती स्कूल में पौधारोपण



रायपुर। श्री गुजराती उमा शाला देवेंद्र नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के मन की बात, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आव्हान तथा कलेक्टर रायपुर के निर्देश पर शाला परिसर में प्रबंध समिति के पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत शाला परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष नारायण भाई पटेल, कोषाध्यक्ष जयंत भाई टांक, एके वर्मा सांख्यिकी अधिकारी डीईओ रायपुर, शाला प्राचार्य अनीस मेमन, रजिस्ट्रार अशोक जाचक, प्रशासक वीके मिश्रा, पौधारोपण कार्यक्रम प्रभारी वरिष्ठ शिक्षक कमलेश रूपारेलिया, सहयोगी शिक्षक वीणा शर्मा, फिरंता राम जंघेल, संगीता वर्मा एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बिक चुकी कई एकड़ कोटवारी जमीन अब रिकार्ड ढूंढने में छूट रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में कोटवारों को कितनी जमीन हस्तांतरित की गई है, इनमें से कितनी जमीनों को बेच दिया गया है और कितनी की रजिस्ट्री हो चुकी है, इसकी तलाश तहसीलदारों से लेकर पटवारी पिछले करीब महीनेभर से कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार अभनपुर, आरंग, खरोरा, तिल्दा नेवरा, गोबरा नवापारा, मंदिर हसौद आदि क्षेत्र में कई गांवों में कोटवारी जमीनों को बेच दिया गया है। बताया जा रहा है कि इन प्रकरणों का रिकार्ड निकलवाया जा रहा है। रिकार्ड निकलने के बाद इसकी रिपोर्ट प्रशासन को भेजी जाएगी। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन छत्तीसगढ़ शासन के सचिव रमेश शर्मा ने पिछले माह प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों के नाम आदेश पत्र जारी किया था। इसमें सभी कलेक्टरों से जानकारी मांग गई है कि उनके जिलों में कोटवारों को कितनी जमीन का भूमि स्वामी हक दिया गया है, जिनमें से कितने कोटवारों ने कितनी जमीन बेच दी है। बेची गई जमीन में कितनी की रजिस्ट्री हो चुकी है। शासन के इस निर्देश के बाद सभी जिलों में कोटवारी जमीनों का रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

■ शासन के आदेश पर प्रदेशभर में खंगाला जा रहा कोटवारी जमीनों का रिकार्ड

## शासन के निर्देश पर प्रशासन जागा



### जमीन स्वामी की जगह सेवा भूमि दर्ज करने का आदेश

*प्रदेश भर में हजारों एकड़ कोटवारी जमीन की खरीदी-बिक्री होने की आशंका जताई गई है। इसे देखते हुए शासन ने आदेश जारी कर कोटवारी भूमि के रिकार्ड में जमीन स्वामी की जगह अहस्तांतरित लिखने को कहा है। कोटवारों को सरकार व मालगुजारों द्वारा सेवा भूमि अथवा मालगुजारी भूमि मिली थी। कोटवार के बदलने पर दूसरे कोटवार को वह जमीन हस्तांतरित होती, इसलिए शासन का भी आदेश है कि रिकार्ड में अहस्तांतरित दर्ज किया जाए।*

### रजिस्ट्री होगी निरस्त

शासन के आदेश अनुसार जितनी भी कोटवारी जमीन बेची गई है, वह जमीन वापस ली जाएगी। अगर बेचने के बाद जमीन की रजिस्ट्री हो चुकी है, तो रजिस्ट्री भी निरस्त होगी।

- **कीर्तिमान सिंह राठौर,** अपर कलेक्टर रायपुर

## डॉ. सहाय को इंडियाज बेस्ट डॉक्टर अवॉर्ड

रायपुर। राजधानी के चिकित्सा विशेषज्ञ और अंचल में गरीबों के डॉक्टर के नाम से विख्यात प्रो. डॉ. अजय सहाय को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर जयपुर में एक भव्य समारोह में इंडियाज बेस्ट डॉक्टर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। हेल्पेज मीडिया द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से पधारे सैकड़ों चिकित्सकों के बीच इस बात की जानकारी दी गई कि डॉ. अजय सहाय आज तक छत्तीसगढ़ के दूरस्थ ग्रामीण एवं आदिवासी बहुल क्षेत्रों और नक्सल प्रभावित इलाकों तथा कमजोर तबकों के लिए, सैकड़ों निशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर चुके हैं और उनके रायपुर स्थित हॉस्पिटल में आर्थिक रूप से अक्षम मरीजों के लिए इलाज की निशुल्क सुविधा उपलब्ध है तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। चिकित्सा के क्षेत्र का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान डॉ. बीसी राय अवॉर्ड और सिनेमा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें दादा साहेब फाल्के अकादमी पुरस्कार मिल चुके हैं। अति विशिष्ट समाज सेवाओं के लिए उन्हें पिछले वर्ष भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा भारत रत्न डॉ. आंबेडकर सम्मान से विभूषित किया गया था।



# लभांडी और फुंडहर की पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने फंड का टोटा

## पंद्रहवें वित्त आयोग से 48 करोड़ की मंजूरी के लिए डेढ़ साल से प्रस्ताव लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के आउटर वार्ड के रहवासियों को पीने का साफ पानी मुहैया कराने में नगर निगम फिसड्डी साबित हुआ है। अमृत मिशन के तहत लभांडी और फुंडहर में 2 नई पानी टंकी का निर्माण कराया गया, पर टंकियों को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन के लिए पाइप लाइन बिछाने निगम के पास पैसे नहीं हैं। अब करोड़ों रुपए खर्च कर बनवाई गई पानी टंकी केवल शोपीस बनकर रह गई है। अमृत मिशन के अधिकारियों ने पंद्रहवें वित्त आयोग मद में 48 करोड़ का प्रस्ताव राज्य शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा है, पर डेढ़ साल बीतने के बाद भी शासन स्तर पर मंजूरी नहीं मिल पाई। अमृत मिशन में नगर निगम ने लभांडी और फुंडहर में नई पानी टंकी बनाई, पर 3 साल बीतने के बाद भी लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने राइजिंग लाइन नहीं बिछा पाए। न ही इंटर कनेक्शन का काम शुरू हो पाया। इसके साथ ही स्कॉडा सिस्टम विकसित करने और लोगों के घरों में वाटर मीटर लगाने नगर निगम के पास फंड नहीं है। पंद्रहवें वित्त आयोग के जल घटक से इस कार्य के लिए 48 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाकर शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है, पर गर्मी बीतने के बाद भी इसकी मंजूरी नहीं मिल पाई। ऐसे में नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड के दोनों गांव लभांडी और फुंडहर के रहवासी अब भी बोरवेल और कुंए के भरोसे हैं।

■ शासन स्तर पर अब तक नहीं मिल पाई स्वीकृति



### प्रस्ताव की 18 माह से मंजूरी लंबित

अमृत मिशन के तहत लभांडी और फुंडहर की नवनिर्मित पानी टंकी के अधूरे काम को पूरा कराने 48 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन के पास पिछले 18 माह से स्वीकृति के लिए भेजा है। शासन स्तर पर मंजूरी लंबित है। फुंडहर पानी टंकी की हाइड्रो टेस्टिंग पहले ही पूरी कर ली है। लभांडी की पानी टंकी की हाइड्रो टेस्टिंग का काम चल रहा है।

- **अंशुल शर्मा,** नोडल अधिकारी, अमृत मिशन, नगर निगम रायपुर

## पेज 9 के शेष

### स्पेशल ट्रेन के बाद...

स्लीपर में एक सीट पर 5 यात्री बैठे। जनरल कोच में भी गेट और सीट के नीचे बैठकर सफर करने को मजबूर रहे। इस बार रेलवे ने ट्रेनों में अतिरिक्त कोच नहीं लगाया है।

### वापसी की ट्रेनों में...

एक्सप्रेस में भी 8 और 9 जुलाई को पुरी से स्लीपर में वेटिंग 80 है, तो वहीं एसी कोच में 54 है। यात्रियों को पुरी से लौटते वक्त भीड़ के बीच सफर करना पड़ सकता है।

### कोच से गायब सफाई...

तक गंदगी फैली नजर आती है, जिसकी दुर्गंध से यात्री परेशान होते हैं। हरिभूमि ने शुक्रवार को रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों में रेलवे की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। पिछले साल रेलवे ने कोच के भीतर सफाई कर्मचारी का नाम और नंबर चस्पा किया था, ताकि आवश्यकता पड़ने पर यात्री मदद ले सकें, लेकिन जोन की ट्रेनों से वर्तमान में सफाईकर्मी की नंबर लिस्ट गायब हो चुकी है। ऐसे में अब यात्रियों के पास शिकायत करने दो ही विकल्प बच गए हैं। टीटीई और टोल फ्री नंबर 139, लेकिन इसमें मदद मांगने पर शिकायत एक मंडल से दूसरे मंडल तक रेलवे के अधिकारी तक पहुंचती तो है, लेकिन कोच में ट्रेन की सफाई करने कर्मचारी के पहुंचने तक सफर ही खत्म हो जाता है।

**ट्रेन में साथ नहीं चलते सफाईकर्मी**

ट्रेन में शौचालय से लेकर कोच के अलग-अलग हिस्सों में पान मसाला की पीक के धब्बे, कचरे से भरा कूड़ादान है। लंबी दूर की ट्रेन की स्थिति खराब है। गंदगी व बदबू से यात्री परेशान हैं। दूसरे जोन की ट्रेन होने के कारण रायपुर और बिलासपुर में भी केवल सफाई के नाम पर औपचारिकता पूरी की जाती है। जब यात्रियों से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि समरसता एक्सप्रेस हावड़ा से रायपुर तक पहुंच गई, लेकिन एक-दो स्टेशनों को छोड़कर किसी भी स्टेशन पर कोच की सफाई नहीं की गई। ट्रेन में सफाईकर्मी भी नहीं चलते, जबकि दूसरे जोन की ट्रेनों में यह व्यवस्था है कि सफाईकर्मी मौजूद रहे और नियमित सफाई करते हैं। इस तरह गंदगी के बीच सफर करने पर यात्री किसी बीमारी का शिकार भी हो सकते हैं।

### स्लीपर और एसी कोच...

कर्मचारियों की नंबर लिस्ट नहीं मिली। यात्रियों ने बताया कि रायपुर में सफाई होने का आश्वासन टीटीई ने दिया था, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। टीटीई ने बताया कि नंबर लिस्ट ज्यादातर ट्रेनों से यात्रियों ने फाड़ दी है। कुछ ट्रेनों में पेंट से नंबर और नाम लिखा गया है। ट्रेनों में गंदगी के मामले में छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस आगे है। यह ट्रेन कोरबा से होते हुए पंजाब अमृतसर तक जाती है। इस बीच हर स्टेशन पर कर्मचारी को कोच का बाथरूम व वॉश बेसिन साफ करना होता है, लेकिन नियमित साफ-सफाई नहीं होने से इस ट्रेन में गंदगी बढ़ने लगी है।

### कार शोरूम के सर्विसिंग...

काबू पाया जा सका। सर्विसिंग सेंटर के ऊपरी मंजिल में कार से संबंधित प्लास्टिक के एसेसिरिज का सामान था। इस वजह से आग तेजी से फैलने लगी। इस दौरान मौके पर उपस्थित कर्मियों ने एक-एक कर एसेसिरिज को बाहर निकाला। तब तक मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंच गई। कर्मचारियों की मदद से अंदर रखे केमिकल को भी बाहर निकाला गया।

**ईश्तहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**

नामांतरण प्र.क्र. 01/2024-25
वार्ड का नाम- डुमरतराई थोक बाजार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डुमरतराई थोक बाजार वार्ड स्थित भवन/ भूमि दुकान क्र. 121 जो कि निगम अभिलेख में श्री/ श्रीमती रानी हरिरामानी W/O ओमप्रकाश हरिरामानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती संजय कुमार आहुजा S/O राजा राम आहुजा ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुकम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर निगम पालिक अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। सूचना जाने।

**बाबू जगजीवन राम वार्ड 53
सहायक राजस्व अधिकारी
जोन क्र. 10
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

इस आम सूचना के द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, हमारे पक्षकार श्री चिराग रावलानी, उम्र 35 वर्ष, पिता- श्री किशनचंद रावलानी ने श्रीमती रेखा गोयल, पति श्री धीरज गोयल, पता- ज्योति चौक, राउरकेला उड़ीसा की भूमि जिसका खसरा नं.- 107/197 रकबा 4750 वर्गफुट, आवासीय भूमि, वाके मौजा ग्राम जोरा, प.ह.नं.- 66, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर में स्थित है, जो कि हमारे पक्षकार श्री चिराग रावलानी से उक्त भूमि का सौदा तय हुआ है ।

अतः आम जनता को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, कंपनी या अन्य हमारे पक्षकार द्वारा क्रय किये जा रहे उपरोक्त भूमि पर आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे।

सो सूचना जाने !
रायपुर छ.ग.
दिनांक

**अधिवक्ता
रोहित पारवानी
सीटी पैराडाईस, राम मंदिर के पास,
व्ही.आई.पी. रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो.- 9584245000**

**// आम सूचना का खण्डन //**

दिनांक 03/07/2024 को हरिभूमि दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित श्री तनय शेखर सेठ अधिवक्ता द्वारा ग्राम सेजबहार में स्थित भूमि खसरा नंबर 322 323, 324 रकबा क्रमशः 1.0280, 0.4450 एवं 2.9540 हे. भूमि को अपने पक्षकार रोहित कुमार पिता स्व. हीरासिंह निवासी सेजबहार के पक्ष में श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी रायपुर के द्वारा प्रकरण क्रमांक 1355/24-अ/85 (3) वर्ष 1976-77 के आदेश दिनांक 15/07/1978 ऋण मुक्ति आदेश एवं अतिरिक्त कलेक्टर राजस्व के प्रकरण क्रमांक 179/अ-85(3) वर्ष 1977-78 के आदेश दिनांक 26/02/1979 छ.ग. राजस्व मण्डल छ.ग. बिलासपुर सर्किट कोर्ट रायपुर के प्रकरण क्रमांक आर.एन./14/अ-6,6/60/2023 आदेश दिनांक 09/02/2024 में पारित करते हुए पुनरीक्षण को स्वीकार करने का झूठा कथन करते हुए तहसीलदार रायपुर को अभिलेख शुध्दि संबंधी आवेदन में विवेचना कर विधिसम्मत आदेश पारित किया गया है उस पर अवैधानिक रूप से अज्ञात व्यक्ति द्वारा उपरोक्त भूमि पर अवैधानिक रूप से कब्जा किये जाने का झूठा प्रकाशन किया गया है जबकि वास्तव में भूमि स्वामी ठाकुर रामचन्द्र जी स्वामी जैतूसाव मठ पुरानी बस्ती द्वारा अपने हक स्वामित्व तथा आधिपत्य द्वारा खसरा नंबर खसरा नंबर 322 323, 324 रकबा क्रमशः 1.0280, 0.4450 एवं 2.9540 हे. भूमि को कालेज भवन निर्माण हेतु दिया जा चुका है जिसमें लगभग 2 वर्ष पूर्व से ही निर्माण कार्य विधिवत रूप से चल रहा है जिसकी जानकारी प्रारंभ से ही रोहित कुमार को है फिर भी झूठा प्रकाशन करवाकर लोगो को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। ठाकुर रामचन्द्र जी जैतूसाव मठ पुरानी बस्ती रायपुर के विरूद्ध कोई ऋण मुक्ति का प्रकरण नहीं चला और इसी आधार पर तहसीलदार रायपुर से लेकर आयुक्त रायपुर संभाग के सभी राजस्व न्यायालयों ने आवेदक के नामांतरण आवेदन को निरस्त किया गया था तथा छ.ग. राजस्व मण्डल द्वारा विशेष बिन्दु पर जाँच के लिए प्रकरण अति. तहसीलदार रायपुर को प्रत्यावर्तित किया गया है जिसमें विचारण लंबित है। अतः उपरोक्त तथ्यों की जानकारी आमजनों को देते हुए दिग्भ्रमित करने के उद्देश्य से प्रकाशित आम सूचना का खण्डन प्रकाशित किया जा रहा है।

स्थान :-
दिनांक-

भवदीय
**दीपक पंसारी अधिवक्ता
पता- म. नं. 32/105, रामकुण्ड, रायपुर (छ.ग.)
मोबाईल: 9826163470, 8982263470**

**भूमि संबंधित कागजात गुमा**
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विजय वसंत मुथ्ये निवासी वसंती शरण जी.ई. रोड रायपुर में स्थित भू-खण्ड जिसका विवरण प्लॉट नं. 05, व 4/1 ब्लॉक / शीट नं. 10 की भू-खण्ड जिसका खसरा नं. 449/3 का भाग व रकबा 7805 वर्गफीट है। व भू-खण्ड 05, जिसका खसरा नं. 449/3 का भाग व रकबा 1434 वर्गफीट की कुल रकबा 9239 वर्गफीट है। भू-खण्ड से संबंधित आवश्यक दस्तावेज व विक्रय विलेख की मूल प्रति मेरे द्वारा दिनांक 25 जून 2024 समय लगभग सुबह ग्यारह बजे के आसपास चौबे कालोनी मुख्य मार्ग के आसपास गुम हो गई है।

सूचनार्थ प्रकाशित
रायपुर
दिनांक 28/06/2024

**विजय वसंत मुथ्ये**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़)
// ईश्तहार //**

**क्रमांक/ /ब-121/2023-24 रायपुर,
दिनांक: 4/7/2024,
ग्राम-चिरहुलडीह प.ह.नं...... तहसील रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार / रघुवीर सिंह द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है आवेदक के माता श्रीमती शीलवती तोमर की मृत्यु दिनांक 13.02.2018 को घर में हो चुकी है। उनके आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 16/7/2024 तक स्वतः, या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालन दण्डाधिकारी
रायपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### सीएसईबी अफसरों और कर्मियों ने पौधे लगाने का लिया संकल्प

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी अंतर्गत नगर वृत्त-1 में शुक्रवार को कलेक्टर के निर्देशानुसार वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर वृत्त-1 अंतर्गत 4 संभागों में लगभग 1000 वृक्ष लगाने का संकल्प अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा द्वारा सभी अधिकारियों कर्मचारियों को दिलाया गया। साथ ही उनके डगनिया, इंद्रप्रस्थ, आईएसबीटी एवं पुरैना कार्यालय अंतर्गत लगभग 500 पौधे लगाए गए। श्री वर्मा ने बताया को पौधारोपण पूरे सप्ताह उनके कार्यालयों अंतर्गत करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान कार्यपालन यंत्री विनोद तिवारी, आशीष अग्निहोत्री, विनय चंद्राकर, एके निवदिंग, अरुण वर्मा एवं पीके सिंग शामिल हुए।

### लायंस क्लब रायपुर सीनियर का शपथ ग्रहण समारोह



**रायपुर।** लायंस क्लब रायपुर सीनियर की वर्ष 2024-25 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को हुआ, जिसमें वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजे एफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी मुख्य अतिथि, लायन रंजना क्षेत्रपाल पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम के संयोजक लायन डॉ. निरंजन हरितवाल तथा लायन एमजेएफ संतोष गुप्ता ने शपथ अधिकारी के रूप में नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। नए पदाधिकारियों में अध्यक्ष लायन अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष लायन महेंद्र मित्तल, लायन गजानंद अग्रवाल सचिव लायन दीपक सिन्हा, कोषाध्यक्ष लायन दिवाकर अवस्थी, टेमर लायन महेश अग्रवाल, टेलतविस्तार लायन धर्मेंद्र चौधरी, पीआरओ लायन गोपाल चोपड़ा, मेम्बरशिप कमेटी लायन संतोष गुप्ता, कार्यकारिणी- लायन डॉ. निरंजन हरितवाल, लायन प्रकाश दावड़ा, लायन दिलीप भल्ला, लायन अरविंद चौबे, लायन बजरंग अग्रवाल, लायन प्रेम नारायण गुप्ता शामिल हैं।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को उन्हें नमन किया। श्री साय ने कहा कि देश की एकता को और अधिक मजबूत करने की दिशा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'अद्वितीय प्रयासों' के लिए प्रत्येक भारतीय उनका ऋणी है। श्री साय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की और एक मजबूत तथा समृद्ध राष्ट्र का सपना देखा। हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पटवारियों ने राजस्व मंत्री से कहा- दो दिनों में हल करें नहीं तो तीसरे दिन से आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पटवारियों के संगठन राजस्व पटवारी संघ ने प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को छह पेज का एक ज्ञापन भेजकर 32 सूत्रीय मांगें सामने रखी हैं।

- भुईयां की गड़बड़ी से परेशानी, हताश हो गए हैं

संघ का कहना है कि दो दिनों के भीतर ये मांगे पूरी की जाए वरना 8 जुलाई से पूरे प्रदेश के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। संघ के अध्यक्ष भागवत कश्यप का कहना है कि पटवारी भुईयां साफ्टवेयर में आ रही दिक्कत से परेशान हैं। अगर सरकार ये परेशानी दूर नहीं करती है, तो पटवारी का पद ही समाप्त कर दिया जाए। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को भेजे गए मांग पत्र में 32 बिंदुओं के आधार पर अपनी मांग रखी है और उनके निराकरण की मांग की जा रही है। संघ का कहना है कि जो मांगे रखी गईं है वे सभी विगत कई वर्षों से लंबित मांगें हैं, निराकरण न होने की वजह से प्रदेश के सभी पटवारी निराश और हताश हैं।

## ऑनलाइन काम, लेकिन न कंप्यूटर न प्रिंटर देते हैं

### ये हैं प्रमुख मांगें

पटवारी संघ का कहना है कि ऑनलाईन काम करने के लिए आज तक किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी गई है। कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। पटवारी अपने संसाधन से काम करते हैं। इस काम के लिए अतिरिक्त भत्ता दिया जाए। ऑनलाईन नक्शा, बटांकन संशोदन पहले पटवारी आईडी में संशोधित कर राजस्व निरीक्षक की आईडी में भेजा जाता है। इस वजह से जब तक राजस्व निरीक्षक की आईडी से अनुमोदन नहीं होता है तब तक उसी नक्शे से संबंधित अन्य बटांकन या संशोधन नहीं किया जा सकता है। जिसके कारण अनावश्यक विलंब होता है। पटवारी द्वारा अनुमोदन के लिए भेजा गया नकशा बंटाकन पटवारी आईडी में नहीं दिखता जिस्से त्रुटि की संभावना रहती है। नक्शा का सर्वर अधिकाशतः खुलता नहीं है। हर बार दुबारा लॉगिन करना पड़ता है। इस समस्या का निराकरण आज तक नहीं किया गया।



पटवारियों ने खोला 32 मांगों का पिटारा

### जिला स्तर हो सहायक प्रोग्रामर

जिला स्तर पर सहायक प्रोगामरों की पदस्थापना की जाए। त्रुटिपूर्ण खसरे जो बैंक में बंधक है। ऐसे खसरों को शुद्ध या विलोपित नहीं किया गया है। न ही एनआईसी द्वारा उसे विलोपित किया गया है। पटवारी आईडी में संकलन, विलोपन, संशोधन का ऑप्शन नहीं है। इसके बावजूद कई जिलों में संकलन, विलोपन संशोधन के नाम पर पटवारियों के खिलाफ दुर्भावनापूर्वक कार्रवाई की जा रही है, इस पर रोक लगाई जाए। कर्जदार किसानों द्वारा कर्ज चुका देने के बाद भी ऑनलाईन भुईयां से बैंक बंधक नहीं हटाया जाता है। ऐसे मामलों की शिकायत होने पर सारा दोषारोपण पटवारियों पर होता है।

### उच्चाधिकारी करते हैं प्रताड़ित

शिकायत ये भी है कि डिजीटल हस्ताक्षर 100 प्रतिशत करने के लिए शासन स्तर पर दबाव बनाया जाता है। पटवारी खुद अपने खर्च से डिजीटल टोकन बनाते हैं इसके बाद भी उच्चाधिकारी प्रताड़ित करते हैं। ऑनलाईन रजिस्ट्री होने के बाद नामांतरण के लिए पटवारी की आईडी में आता है जिसमें क्रेता-विक्रेता से संबंधित सारी जानकारी अंग्रेजी में रहती है जिसे हिंदी में टाइप करना पड़ता है। लिपिकीय त्रुटि हो सकती है। इसके लिए पटवारी को दोषी समझा जाता है। वर्तमान में प्रदेश स्तर पर 100 प्रतिशत नक्शा, बटांकन का दबाव बनाया जा रहा है। इसी तरह कई अन्य मांगें 32 सूत्रीय ज्ञापन में शामिल है।

## मनोरंजन व मॉर्निंग वॉक की सुविधा देने के लिए जुलाई में ही शुरू होगा प्रोजेक्ट

# मोती सागर-खदान डबरी को मरीन ड्राइव जैसा बनाने एजेंसी तय, निर्माण इसी माह से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बिरगांव निगम ने दो तालाबों को मरीन ड्राइव जैसा लुक व सुविधा देने की तैयारी शुरू की है। जिन दो तालाबों को इसके लिए चिन्हांकित किया है, उनमें पाथवे, लाइटिंग, फव्वारे लगाते हुए बाउंड्री भी बनाई जाएगी। निगम ने इसके लिए निर्माण एजेंसी तय की है। मोती सागर व खदान डबरी तालाब को जुलाई में लोगों की सुविधा के अनुरूप बनाने के लिए एजेंसी से काम शुरू करवाने की तैयारी है। 12 महीने में मोती सागर को विकसित करने की तैयारी है।

हरिभूमि सरोकार

निगम के 40 वार्डों में तालाब तो कई हैं, लेकिन उन्हें निगम घूमने-फिरने लायक नहीं बना पाया है। अब क्षेत्र के दो तालाबों को मरीन ड्राइव जैसा बनाने और रोजी-मजदूरी करने वालों को मनोरंजन की सुविधा देने प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने एजेंसी तय की है। छुट्टी के दिन लोग समय बिता सकें, साथ ही इनके आसपास लोगों को खान-पाने की बेहतर सुविधा भी मिलेगी। अभी इसके लिए निगम के किसी भी वार्ड में एक भी स्पाट नहीं है। ट्रांसपोर्ट नगर के खदान डबरी तालाब को मरीन ड्राइव की तरह विकसित करने के लिए 3 करोड़ 92 लाख 68 हजार का प्रस्ताव है। वहीं मोती सागर तालाब के लिए डेढ़ करोड़ से ज्यादा की स्वीकृति मिली है। इस तालाब का कायाकल्प करने के लिए जुलाई में ही काम शुरू होगा। इसके लिए एमआईसी से हरी झंडी मिलने के बाद जिम्मेदारों ने एजेंसी को वर्कआर्डर दिया है।




### तालाब क्षेत्र से हटाया कब्जा

मोती सागर तालाब का सौंदर्यीकरण कराने के लिए निर्माण एजेंसी तय करने से पहले तय एरिया को कब्जा मुक्त कराने का जिम्मेदारों ने इंतजाम करते हुए विस्थापन दिया। अब तालाब क्षेत्र पूरी तरह से कब्जा मुक्त है। इसे देखते हुए निगम ने जुलाई में ही काम शुरू करने के लिए एजेंसी को वर्कआर्डर किया है। इस प्रोजेक्ट को 12 महीने में पूरा करने समय दिया है। तालाब की सफाई के बाद चारों तरफ पाथवे का निर्माण होगा। इसमें लाइटिंग के साथ ही पचरी और इस तालाब क्षेत्र में पाथवे बनने से लोगों को घूमने-फिरने की सुविधा मिलेगी।

### इसी महीने में शुरू होगा काम

लोगों को मनोरंजन की सुविधा देने के लिए दो तालाबों को मरीन ड्राइव की तरह विकसित किया जाएगा। इसके लिए एजेंसी तय हो गई है। मोती सागर तालाब में जुलाई से ही काम शुरु होगा। महीने के अंतिम दिनों में खदान डबरी का काम शुरु करवाने की तैयारी है।

- **बृजेश कुमार क्षत्रिय**, आयुक्त, नगर निगम, बिरगांव

### सफाई के बाद अब होगा काम

निगम ने जिन दो तालाबों को मनोरंजन के लिहाज से विकसित करने की प्रक्रिया शुरू की है। इनमें तालाब का काम शुरू करने से पहले सफाई कराई जाएगी। निर्माण होने से पहले तालाब सफाई को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे सौंदर्यीकरण को किसी प्रकार के नुकसान से बचाया जा सकेगा। इसे देखते हुए खदान डबरी तालाब और मोती सागर तालाब क्षेत्र में यह सुविधा लोगों को 12 से 15 महीने में देने की तैयारी है। खदान डबरी तालाब में गहरीकरण की जरूरत नहीं है। इसमें सिर्फ जरूरी काम ही तालाब के आंतरिक हिस्से में किया जाएगा।

# क्लीन ग्रीन 24 अवार्ड की घोषणा 13 कालोनियों को 5 स्टार, 28 को 3 स्टार एवं 27 को 1 स्टार का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- नगर निगम प्रशासन ने क्लीन ग्रीन 24 अवार्ड की घोषणा की

स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने स्वच्छता के आधार पर अब कालोनियों को भी स्वच्छता के अनुसार उन्हें स्टार अवार्ड का दर्जा देने के लिए क्लीन ग्रीन 24 अवार्ड योजना प्रारंभ की है। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन किया गया था। पंजीयन के आधार पर सभी कालोनियों का निगम के विशेष दल ने निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान दल ने कालोनियों के रहवासियों से स्वच्छता संबंधी जागरूकता फीडबैक भी लिया था, जिसके आधार पर अवार्ड की घोषणा करते हुए 13 कालोनियों को 5 स्टार का दर्जा दिया गया है। इसके अलावा 28 कालोनियों को 3 स्टार तथा 27 को 1 स्टार का दर्जा मिला है।

### 69 कालोनियों का हुआ था पंजीयन

मेरा घर, मेरी कालोनी, मेरा वार्ड, मेरा शहर, मेरा देश स्वच्छ के भाव को जागृत करते हुए निगम ने ग्रीन 24 अवार्ड के लिए 1 से 10 फरवरी तक निगम के ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए आवेदन मंगाए थे। कुल 71 कालोनियों ने अपना पंजीयन कराया था। इनमें से एक कॉलोनी निगम सीमा से बाहर की थी, वहीं दो कॉलानियों ने दो बार पंजीयन कराया है। इस प्रकार कुल 68 कॉलोनियों का ही अवार्ड घोषित किया गया है।

### 3 श्रेणियों के आधार पर तय किया गया अवार्ड

कालोनियों को स्टार अवार्ड देने के लिए 3 श्रेणियां तय की गई थी। इसमें कॉलोनियों का रखरखाव में रेसिडेंस वेलफेयर एसोसियशन द्वारा संधारित कॉलानी, बिल्डर एवं डेवल्पर द्वारा संधारित कॉलोनी एवं अन्य संस्थाओं द्वारा संधारित कॉलोनी। इन तीनों श्रेणियों को भी आवास के आधार पर वर्गीकृत किया गया था, इसमें लघु कॉलोनी में 99 आवास, मध्यम कॉलोनी में 100 से 499 आवास तथा वृहद कॉलोनी में 500 या उससे ज्यादा आवास है।

# पर्यावास बिल्डिंग के चौथे माले से कर्मी ने कूदकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- मृतक सीनियर क्लर्क था, पारिवारिक तनाव की वजह से खुदकुशी करने की आशंका
- पुलिस के अनुसार मृतक भिलाई, सुपेला का रहने वाला है

नवा रायपुर में पर्यावास भवन में सीनियर क्लर्क के पद पर पदस्थ एक व्यक्ति ने शुक्रवार को कार्यालयीन समय में बील्डिंग के चौथे माले से कूदकर खुदकुशी कर ली है। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस को पारिवारिक तनाव की वजह से सीनियर क्लर्क द्वारा खुदकुशी करने की आशंका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। घटना राखी थाना क्षेत्र की है।

पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय नरेश साहू ने बिल्डिंग के चौथे माले से कूदकर खुदकुशी की है। बिल्डिंग से कूदने की वजह से नरेश का सिर जमीन में टकराते ही फट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना का एक सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें नरेश अपने कार्यालय से निकलकर रेलिंग को पार करते और कूदते दिख रहा है। नरेश पर्यावास कार्यालय में वरिष्ठ लेखा सहायक के पद पर पदस्थ था। घटना सुबह 10 बजकर 40 मिनट की है। नरेश चौथे माले से जैसे ही कूदकर नीचे गिरा, उसके जोरदार चीखने की आवाज आई।

चीख सुनकर लोग ग्राउंड फ्लोर पर पहुंचे तो वहां नरेश के सिर से खून बह रहा था और उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार मृतक भिलाई, सुपेला का रहने वाला है, उसकी तीन साल पहले शादी हुई है और उसकी एक बेटी है।

# व्यापारी एकता पैनल की बैठक में जिम्मेदारी तय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव को लेकर व्यापारी एकता पैनल की कोर ग्रुप की बैठक आयोजित हुई जिसमें तय किया गया कि 9 जुलाई को बैठक की जाएगी।

बैठक की सफलता के लिए कार्य विभाजन एवं जिम्मेदारियां तय की गई हैं। राजकुमार राठी को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। प्रिंट मीडिया की जवाबदारी राजेश वासवानी को सौंपी गई है। पूर्व पदाधिकारी एवं पिछले चुनाव में पूरे प्रदेश में चुनाव लड़े प्रत्याशी एवं प्रमुखजन की जवाबदारी श्रीचंद सुन्दरानी एवं योगेश अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल को दी गई है।


कोरबा एवं रायगढ़ क्षेत्र के सदस्यों से संपर्क के लिए अमर गिदवानी, रायपुर की चेतन तारवानी, राजेश गुरनानी, वासुदेव जोतवानी, चंदर विधानी, राजू भाई तारवानी, जितेन्द्र बड़वानी, सुदेश मंध्यान, प्रकाश लालवानी, गौतम लुनिया, आशीष जैन, राधाकिशन सुन्दरानी, दीपक बल्लेवार, अमर खट्टर, महेन्द्र आहूजा, को दी गई है। कानूनी रूपरेखा तय करने के लिए शिव ग्वालानी, वासुदेव जोतवानी को जिम्मेदारी दी गई है।

# खाद बीज का वितरण बेहतर लेकिन बारिश कम, अब तक हो पाई है 27 प्रतिशत बोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय होने के बाद भी अब तक बारिश कम ही हो पाई है। राज्य में अब तक पिछले साल के मुकाबले औसत बारिश भी बहुत कम हुई है। खेती किसानी के जानकारों का कहना है कि जब तक अच्छी बारिश न हो जाए, तब तक बोनी करने में कठिनाई है। यही कारण है कि राज्य में धान बुवाई का काम धीमा चल रहा है। बताया गया है कि किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार इसलिए है, ताकि वे मताई करके बीजारोपण कर सकें और नर्सरी लगाकर रोपाई कर सकें।

संचालनालय कृषि के साप्ताहिक प्रतिवेदन में 1 जुलाई की स्थिति में बताया गया है कि प्रदेश की औसत वार्षिक वर्षा 1236 मिमी है। 1 जुलाई की स्थिति में प्रदेश की औसत वर्षा 153 मिमी दर्ज की गई है। जो इसी अवधि की 10 वर्षों की औसत वर्षा 182.3 मिमी से 29.3 मिमी कम है। पिछले साल इसी अवधि में 169.2 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई थी।




- किसानों को है बारिश का इंतजार
- मताई,रोपाई के लिए चाहिए पानी
- किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार इसलिए है, ताकि वे मताई करके बीजारोपण कर सकें

### बीज का वितरण 68 प्रतिशत

खरीफ वर्ष 2023 में प्रदेश में कुल 9.43 लाख क्विटल प्रमाणित बीज वितरण किया गया था। इस वर्ष खरीफ 2024 के लिए प्रदेश में 9.78 लाख क्विटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से 8.07 लाख क्विटल बीज का भंडारण कर अब तक 6.69 लाख क्विटल बीज का वितरण किया गया जो मांग का 68% है।

### अब तक 27 प्रतिशत बुवाई

खरीफ वर्ष 2023 में प्रदेश में कुल 48.28 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी की गई थी। इस वर्ष खरीफ वर्ष 2024 के लिए 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 13.23 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी की जा चुकी है जो लक्ष्य का 27% है।

### 56 प्रतिशत खाद उठा चुके किसान

प्रदेश में गतवर्ष खरीफ 2023 में कुल 13.41 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया गया था। इस वर्ष खरीफ 2024 में 13.68 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त लक्ष्य के विरूद्ध 12.12 लाख मे.टन उर्वरकों का सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में भंडारण किया गया है। उक्त भंडारण के विरूद्ध 7.72 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किया गया है जो कि कुल लक्ष्य का 56% वितरण हो चुका है।

# संस्कार के साथ रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना गर्व की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर के 7वें स्थापना दिवस पर श्री सद्गुरु प्राकट्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए एवं अध्यक्षता प्रतिकुलाधिपति हर्ष गौतम ने की।

मंचस्थ अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत के उपरांत प्रतिकुलाधिपति श्री गौतम ने अपने स्वागत उद्बोधन में यूनिवर्सिटी के संस्थापक अनंत विभूषित श्री रविशंकर महाराज द्वारा स्वास्थ्य, सेवा और शिक्षा की राह में अथक प्रयासों एवं उनके उद्देश्य का वर्णन करते हुए बताया कि रायपुर में आईटीआई इंस्टिट्यूट से श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी तक का सफर निरंतर अग्रसर है और आज यूनिवर्सिटी 8000 से अधिक स्वदेशी एवं विदेशी विद्यार्थियों के साथ सफलता के नित-नए प्रतिमान स्थापित कर रही है। कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विविध आयामों में यूनिवर्सिटी की उप्लब्धियों पर प्रकाश डालते हुए आईआईआरएफ रैंकिंग में राष्ट्रीय स्तर पर चतुर्थ एवं राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त इमर्जिंग प्राइवेट यूनिवर्सिटी 2024 के गौरवपूर्ण उपलब्धि का उल्लेख किया। कुलपति प्रो. एसके सिंह ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुणवत्ता रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करना रावतपुरा सरकार महाराज का ध्येय रहा है, जिसकी प्राप्ति के लिए विश्विद्यालय हमेशा क्रियाशील रहा है।

### युवाओं को दी नई दिशा

मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि अपनी स्थापना के 7वें वर्ष में श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी 8000 से अधिक स्वदेशी एवं विदेशी विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करके वैश्विक स्तर पर नित-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। गुरुदेवश्री की आध्यात्मिक दूर दृष्टि एवं प्रभावी मार्गदर्शन पर कार्य करते हुए इस यूनिवर्सिटी ने युवाओं को नई दिशा एवं उत्साह प्रदान किया है।




- सद्गुरु प्राकट्य महोत्सव एवं रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी का स्थापना दिवस
- उप मुख्यमंत्री साव ने किया सम्मानित

### सांस्कृतिक कार्यक्रम भी

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने नृत्य एवं शिक्षकों ने संगीत के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाया। मंच संचालन डॉ. सागर साहू ने किया। यूनिवर्सिटी के उप कुलसचिव डॉ. कमल कुमार प्रधान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में डीन एकेडेमिक डॉ. आरआर बिराली ने सभी को यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### प्रशस्तिपत्र देकर किया सम्मानित

यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ को उप मुख्यमंत्री श्री साव ने प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया, इनमें शुभम नामदेव जनसंपर्क अधिकारी, शिवांगी शुक्ल एग्जीक्यूटिव एडमिशन, प्रांतिक आचार्य लेखा प्रबंधक, महेंद्र कल्यारे एचआर सहायक, अमन सिंह गहरवार स्टोर इंचार्ज, डॉ. मिथिलेश सिंह सह प्राध्यापक, डॉ. आशीष कुमार सरकार सह प्राध्यापक, डॉ. वीणा देवी सिंह सह प्राध्यापक, डॉ. कौशल कुमार सहायक प्राध्यापक, डॉ. ईश्वर प्रसाद यदु, अखंड प्रताप सिंह , डॉ. सिंदुरा भार्गव, उत्तम वैष्णव, राहुल गुप्ता शामिल रहे। विवि में योग के क्षेत्र में इतिहास रचने वाले विद्यार्थियों, योग विभाग से छाया जैन, ज्योति दीपक, प्रीटी साहू और पुष्प साहू ने इंडो-नेपाल यूथ गेमस 2023 में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी को विश्वपटल में गौरवान्वित किया है, उन्हें सम्मानित किया गया।

## बिजनेस साइट

# बैंक ऑफ इंडिया ने बिना किसी प्रीमियम के 50 लाख रुपए दुर्घटना बीमा प्रदान किया



**रायपुर।** बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी टाटीबंध शाखा के एक सैलेरी खाताधारक, जो एम्स रायपुर में कार्यरत थे, उनके नॉमिनी को 50 लाख रुपए राशि का क्लेम बिना किसी प्रीमियम के प्रदान किया। दरअसल बैंक ऑफ इंडिया के सैलेरी खाताधारक सुमेश चंद्रथील एम्स रायपुर में नर्सिंग अफसर के रूप में कार्यरत थे एवं दुर्घटना के उपरांत उनका देहांत हो गया था। बैंक ऑफ इंडिया के उप आंचलिक प्रबंधक ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया अपने सैलेरी खाताधारक (सरकारी कर्मचारियों) को बिना किसी प्रीमियम के 50 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा प्रदान करता है, जिसके तहत बैंक ऑफ इंडिया की ओर से स्व. सुमेश चंद्रथील के नॉमिनी को 50 लाख रुपए का चेक एम्स के डायरेक्टर, लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल एवं बैंक ऑफ इंडिया के उप आंचलिक प्रबंधक नागेंद्र प्रसाद चौरसिया के द्वारा संयुक्त रूप से सौंपा गया।

हरिभूमि

रायपुर, शनिवार 6 जुलाई 2024

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

लाइव इवेंट

## एक हजार वृक्ष लगाएगी विद्युत कंपनी, बड़े होने तक पालन-पोषण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी द्वारा वृहद् वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर वृत्त के अंतर्गत 4 संभागों में लगभग 1000 वृक्ष लगाने का संकल्प अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाया गया। इसके तहत इन्द्रप्रस्थ आईएसबीटी एवं पुरैना कार्यालय में लगभग 500 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। यह वृक्षारोपण पूरे सप्ताह कंपनी के विभिन्न कार्यालय में जारी रहेगा। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को वृक्ष का महत्व बताते हुए उन्हें वृक्ष के बड़े होने तक पालन-पोषण करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यपालन यंत्री विनोद तिवारी, आशीष अग्निहोत्री, विनय चंद्राकर, अरुण वर्मा, पीके सिंग सहित अन्य शामिल रहे।

### स्कूली बच्चों संग रोपे फलदार पौधे

ऑल इंडिया समता सैनिक दल के तत्वाधान में शासकीय माध्यमिक शाला घनश्याम नगर रायपुरा में वृक्षारोपण किया गया। इसमें ऑल इंडिया समता सैनिक दल के प्रदेशाध्यक्ष सुनिल गणवीर, दिलिप रागासे, दीपक बंसोड, जगदीश भीमटे, संघसेन दुपारे, सुशीला भिमटे, रूकमणी रामटेके, विद्या बागड़े, वीणा राऊत, ज्योत्सना मेश्राम सहित अन्य शामिल रहे। सभी ने स्कूल के बच्चों के साथ फलदार पौधे लगाए।

एजूकेशन अपडेट

## स्कूल अपलोड करेंगे पूरक छात्रों की प्रायोगिक परीक्षाओं के प्राप्तांक

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पूरक परीक्षा के साथ आंतरिक मूल्यांकन और प्रोजेक्ट परीक्षा आयोजित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड 5 जुलाई से 15 जुलाई तक सीबीएसई पूरक व्यावहारिक परीक्षा आयोजित कर रहा है। बोर्ड ने कहा कि अध्ययन योजना या परीक्षा उपनियमों के प्रावधानों के अनुसार, सीबीएसई पूरक परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के लिए आंतरिक मूल्यांकन या प्रोजेक्ट परीक्षाएं भी आयोजित करना आवश्यक है। सीबीएसई ने बताया कि आंतरिक मूल्यांकन विषय में 'आरपी' (प्रैक्टिकल में रिपीट) वाले उम्मीदवारों के अंक उनके मूल विद्यालय द्वारा अपलोड किए जाएंगे। प्रोजेक्ट विषयों में आरपी वाले उम्मीदवारों के प्रोजेक्ट का मूल्यांकन किया जाएगा और अंक संबंधित परीक्षा केंद्रों पर ही अपलोड किए जाएंगे। क्षेत्रीय निदेशक या अधिकारी संबंधित केंद्रों पर ही प्रोजेक्ट के मूल्यांकन के लिए बाहरी परीक्षकों की नियुक्ति कर सकते हैं।

### परीक्षा तिथि में ही अपलोड किए जाएंगे अंक

पूरक उम्मीदवारों के लिए सीबीएसई द्वारा पहले जारी किए गए व्यावहारिक परीक्षा दिशा-निर्देशों के अनुसार, नियमित छात्रों की व्यावहारिक परीक्षा उनके स्कूलों में आयोजित की जाएगी, जबकि निजी उम्मीदवारों को सैद्धांतिक परीक्षाओं के लिए निर्धारित केंद्रों में परीक्षा देनी होगी। छात्रों को अपने परिणाम या एडमिट कार्ड की एक प्रति के साथ 5 जुलाई तक अपने स्कूलों या परीक्षा केंद्र से संपर्क करने के लिए कहा गया था। उम्मीदवारों को समय पर परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करने कहा गया है। सीबीएसई ने स्कूलों और परीक्षा केंद्रों से कहा है कि वे प्रैक्टिकल परीक्षाओं में छात्रों को दिए गए अंकों को उसी दिन पोर्टल पर अपलोड करें।

एग्जाम अपडेट

## ओपन स्कूल की समय-सारिणी घोषित, परीक्षाएं 10 अगस्त से




**रायपुर।** छग ओपन स्कूल की समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी अगस्त-2024 की परीक्षा 10 से 28 अगस्त तक आयोजित होगी। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा घोषित समय-सारिणी के अनुसार, हायर सेकंडरी की परीक्षा 10 अगस्त से प्रारंभ होकर 28 अगस्त तक चलेगी। हाईस्कूल की परीक्षा भी 10 अगस्त से ही प्रारंभ होगी, लेकिन यह 24 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। छात्र-छात्राएं अपनी परीक्षा से सबंधित समय-सारिणी की जानकारी अपने समीपस्थ अध्ययन केंद्र में संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। वेबसाइट www.sos.cg.nic.in पर भी समय सारिणी उपलब्ध है, जिसे छात्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से


भारतीय शिक्षण संस्थान छग प्रांत और पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वधान में "राष्ट्रीय शिक्षा नीति-चुनौतियों, समाधान और भारतीय भाषा विशेषकर सिंधी के महत्व एवं योगदान" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 6 और 7 जुलाई को विश्वविद्यालय के सभागृह में किया जा रहा है। संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं से आए विशेषज्ञ अपना व्याख्यान देंगे। यहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

# भरतनाट्यम, मोहिनीअट्टम, कुचिपुड़ी, कथक संग ओडिसी के जरिए सहेजी देश की नृत्य विरासत

**कौशल महोत्सव : 10 राज्यों के 430 प्रतिभागी हो रहे शामिल, खैरागढ़ विश्वविद्यालय का दबदबा**



रायपुर। राजधानी में आयोजित हो रहे कौशल महोत्सव में देशभर से कथक कलाकार पहुंचे हुए हैं। ललित कला महाविद्यालय और कृष्णा पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में यह आयोजन हो रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता का शुभारंभ 2 जुलाई को हुआ, जिसका समापन 7 जुलाई को होगा। देशभर से 430 प्रतिभागी इसमें शामिल हो रहे हैं। उनके द्वारा भरतनाट्यम, कथक, फोक, वेस्टर्न, मोहिनीअट्टम, कुचिपुड़ी, ओडिसी, सेमी क्लासिकल व बॉलीवुड नृत्य की प्रस्तुति दी जा रही है। कई वर्ग में यह स्पर्धा हो रही है।





### कोलकाता व बिहार से पहुंचे निर्णायक

स्पर्धा में निर्णायक के रुप में बिहार से सयानी मंडल एवं कोलकाता से सुप्रतिम तालुकदेर शामिल हुए। कार्यक्रम प्रभारी सुषमा मिश्रा ने बताया, बीते 3 वर्ष से लगातार प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तरीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, आंध्रा, ओडिशा सहित 10 राज्यों के कलाकारों ने हिस्सा लिया है।



## नन्हे कलाकारों की उम्दा पेशकश

### *ऑनलाइन नृत्य देखकर की थी शुरुआत*

*समृद्धि यादव ने बताया, बीते कुछ माह से भरतनाट्यम नृत्य सीखना प्रारंभ किया। गुरु हरिश बहादुर के मार्गदर्शन में स्पर्धा में प्रस्तुति दी। शुरुआती दिनों में ऑनलाइन भरतनाट्यम देखकर नृत्य में रुचि हुई, जिसके बाद गुरु से सीखना प्रारंभ किया। 10 वर्षीय समृद्धि आर्चरी खिलाड़ी है, जो राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी हैं।*

### *तीन माह से स्पर्धा की तैयारी*

*हर्षिता साहू ने बताया, गुरु श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन में भरतनाट्यम की शिक्षा ली। बीते 2 साल से लगातार भरतनाट्यम कर रही हैं, जिसके चलते कई बार राष्ट्रीय स्तर पर स्पर्धा में शामिल होने का अवसर मिला।*

### *बड़ी बहन से प्रेरणा*

*आरिधी जैन ने बताया, वर्तमान में वह 6 वर्ष की है। बीते 3 माह से भरतनाट्यम नृत्य सीख रही। बड़ी बहन भी कथक नृत्य सीख रही है। उसे देखकर ही नृत्य में रुचि हुई। पहली बार राष्ट्रीय स्तरीय स्पर्धा में शामिल होने का अवसर मिला।*




## 8 मिनट की प्रस्तुति ने बटोरी तालियां

इंदिरा कला संगीत विवि खैरागढ़ की छात्रा मानसी देवांगन की भरतनाट्यम की प्रस्तुति दर्शकों के साथ निर्णायकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र रही। मानसी के लगभग 8 मिनट की प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। हरिभूमि से चर्चा के दौरान मानसी ने कहा, मैं गुरु शेख मेंदनी होबंल की शिष्या हूं। बचपन से डांस में रुचि रही। बीते 7 वर्ष से लगातार भरतनाट्यम कर रही। नृत्य में बढ़ती रुचि को देखते हुए माता-पिता ने खैरागढ़ विश्वविद्यालय में दाखिला कराया। मेरे पिता डालेश्वर देवांगन फिटर की नौकरी करते हैं। मां आभा देवांगन गृहणी हैं। माता के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से नृत्य के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिला।




**नेहरू युवा केंद्र का आयोजन, छत्तीसगढ़ के 146 ब्लाकों के 200 युवा हुए शामिल**

# पहली बार विधानसभा में रखी गई यूथ असेंबली मंत्री-विधायक बने युवाओं ने हसदेव पर की बहस

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** म्यूट विधानसभा का आयोजन नेहरू युवा केंद्र द्वारा किया गया। प्रदेश में यह पहली बार हुआ, जब विधानसभा के ऑडिटोरियम में इसका आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय यूथ असेंबली फॉर क्लाइमिट चेंज का मुख्य मुद्दा जलवायु परिवर्तन में युवाओं की भूमिका पर आधारित था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व विशिष्ट अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप रहे। कार्यक्रम मे यूनिसेफ प्रमुख विलियम जूनियर भी उपस्थित रहे। नेहरू युवा केंद्र के राज्य निदेशक श्रीकांत पांडे ने बताया, 146 ब्लाकों से लगभग 200 युवा प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया। युवा असेंबली में 16 युवा विधायकों ने जलवायु परिवर्तन की समस्या पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा नेतृत्व को बढ़ावा देना था तथा युवाओं में राजनैतिक समझ को विकसित करना था।



### छत्तीसगढ़ी में पूछे सवाल

अगले प्रश्न के रूप में रायगढ़ से युवा विधायक नवीन कुमार दुबे ने सत्ता पक्ष से प्रदूषण के मामले में ध्यान देने आग्रह किया, जिसके उत्तर में मंत्री ने भारतीय संविधान के अनुच्छेदों का वर्णन किया। इसी प्रकार धमतरी जिले के सिहावा विधानसभा क्षेत्र से युवा विधायक गुलाब सिंह वर्मा ने छत्तीसगढ़ी भाषा में जल प्रदूषण से संबंधित प्रश्न पूछे। इनके अलावा अन्य विधायकों ने मृदा प्रदूषण, उद्योगों से होने वाले प्रदूषण, पर्यावरण संरक्षण के मामले में युवाओं की भूमिका से संबंधित प्रश्न पूछे। संबंधित विभाग के मंत्रियों ने अपने-अपने अनुसार उत्तर दिए। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष के आदेशानुसार सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुई।

### पर्यावरण चैंपियन सम्मानित

विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने कहा, पीने लायक पानी जो कि 0.5 % है। वह भी लगातार मानव द्वारा दूषित किया जा रहा है। वन मंत्री केदार कश्यप ने जलवायु परिवर्तन की दिशा में उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया। यूनिसेफ चीफ विलियम जूनियर ने कहा, पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं और युवाओं की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। रायपुर, दुर्ग, धमतरी, कोरबा, कोरिया, चांपा, राजनंदगांव, कांकेर, दंतेवाड़ा, बस्तर, महासमुंद, बिलासपुर, कवर्धा, रायगढ़, जशपुर और सरगुजा के युवाओं का पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मान किया गया।



### कट चुके 98 हजार वृक्ष कैसे होगी इनकी पूर्ति?

यूथ असेंबली का प्रारंभ युवा विधानसभा अध्यक्ष देवाशीष पटेल के अभिभाषण से प्रारंभ हुआ। अभिभाषण में उन्होंने कहा कि यह सदन छत्तीसगढ़ महतारी के समृद्धि एवं विकास का सदन है, यह सदन छत्तीसगढ़ के नागरिकों के विचार, अभिव्यक्ति और उपासना को सुनिश्चित करती है। उन्होंने यूथ असेंबली के विषय क्लाइमेट चेंज का वर्णन करते हुए कहा कि हम अपनी वसुधा का कल्याण कभी न भूलें। तत्पश्चात जनरल सेक्रेटरी द्वारा नवनिर्वाचित युवा विधायकों को शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत प्रश्नकाल प्रारंभ हुआ। युवा विधायकों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों की समस्याओं के साथ जलवायु परिवर्तन को लेकर प्रश्न उठाए। सर्वप्रथम उत्तर बस्तर कांकेर के युवा विधायक हर्ष डोंगरे ने हसदेव जंगल के मुद्दे को सदन में उठाते हुए कहा कि हसदेव जंगल में 98,000 वृक्ष काटे जा चुके हैं। डोंगरे ने आंकड़े बताते हुए सत्ता पक्ष के मंत्री से पूछा कि इन वृक्षों की पूर्ति कैसे होगी।

## एजूकेशन लाइव

# केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी, पर्चा कल



**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) के जुलाई सत्र का आयोजन इस रविवार 7 जुलाई को किया जाना है। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। बोर्ड ने प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि का औपचारिक ऐलान नहीं किया था, लेकिन पूर्व सत्रों की परीक्षाओं के पैटर्न के मुताबिक एडमिट कार्ड परीक्षा तिथि से 2 दिन पहले जारी किए जाते रहे हैं। परीक्षा संबंधित दिशा-निर्देशों का भी इसमें उल्लेख किया गया है। कैंडिडेट्स आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

### सीए फाइनल और सीए इंटर के परिणाम 11 जुलाई को

'द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' ने सीए फाइनल और सीए इंटरमीडिएट कोर्स की मई परीक्षाओं के नतीजों की घोषणा की तारीख का ऐलान औपचारिक तौर पर दिया है। संस्थान द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स फाइनल और इंटरमीडिएट मई-2024 परीक्षाओं के परिणाम 11 जुलाई को घोषित किए जा सकते हैं। आईसीएआई ने सीए फाइनल और सीए इंटर रिजल्ट की तारीख के औपचारिक ऐलान के साथ-साथ ही इन नतीजों को उपलब्ध कराए जाने के पोर्टल की भी जानकारी साझा की। अपडेट के मुताबिक छात्र-छात्राएं अपना परिणाम आधिकारिक रिजल्ट पोर्टल, **icai.nic.in** पर एक्टिव किए जाने वाले लिंक के माध्यम से चेक कर सकेंगे।

## कैंपस लाइव

# छात्रों को नए सत्र से आधुनिक लाइब्रेरी व लैब, करेंगे प्रयोग



**रायपुर।** संत कंवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कटोरा तालाब के छात्रों को नवीन शैक्षणिक सत्र से आधुनिक लाइब्रेरी और लैब की सुविधा मिलेगी। दसवीं की छात्रा वंदना पटेल, ग्यारहवीं की छात्रा हिना बघेल और लिसा यादव ने कहा, पहले हमारे स्कूल का प्रांगण किचड़ से भरा होता था, लेकिन अब यहां पेवर ब्लॉक बिछ जाने से व्यवस्थित हो गया है। शाला भवनों के जीर्णोंधार की कड़ी में यहां सुधार कार्य किए गए हैं। छात्रों के आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्ष भी बनाए गए हैं। लाईब्रेरी और लैब के साथ शिक्षकों के बैठने के लिए कक्ष निर्माण भी किया गया है।

### सेमिनार सहित अतिरिक्त गतिविधियां

प्राचार्य एनपी खान ने बताया, पहले स्कूल में सेमिनार हॉल नहीं होने से हम सभी बच्चों को एक साथ बैठाकर अतिरिक्त गतिविधि कराने में असुविधा होती थी। अब जीर्णोंधार के बाद नए कक्ष मिल गए हैं। नए सत्र से इन कक्ष में विशेष सेमिनार आयोजित किए जाएंगे, जिससे छात्र पढ़ाई के साथ कॅरियर निर्माण की दिशा में सजग हो सकें। साथ ही नए हाल में लाइब्रेरी भी प्रारंभ हो चुकी है। लाइब्रेरी में बच्चे अपने निर्धारित समय में पुस्तक प्राप्त कर अध्ययन करते हैं।

## सिटी इवेंट

# खीर-पुड़ी खिलाकर स्वागत शाला प्रवेश संग वृक्षारोपण



**रायपुर।** प्रदेश में स्कूल 26 जून से प्रारंभ हो चुके हैं। पखवाड़े भर तक शासकीय विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। इस कड़ी में जिले के धरसींवा विकासखंड के ग्राम छपोरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर न्योता-भोज के तहत बच्चों को खीर-पुड़ी खिलाया गया। साथ ही "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा

*ग्राम पंचायत टेकारी के हाई स्कूल में प्रवेश उत्सव रखा गया। विधायक अनुज शर्मा, ग्राम सरपंच व शाला समिति के अध्यक्ष के उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव का अयोजन किया गया। बच्चों का तिलत लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही वृक्षारोपण भी किया गया। छात्रों को पूर्ण लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों ने भी सकारात्मक माहौल में नया सत्र प्रारंभ किया।*

● नैन उत्सव आज, कल भगवान का रथ खींचेंगे नगरवासी

# खत्म हुआ इंतजार... स्वस्थ होने के पश्चात कल पीले पोषाक में दर्शन देंगे 'जगत के नाथ'

पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा की तर्ज पर शहर में भी रथयात्रा की तैयारी जारी है। इसके लिए भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम एवं बहन सुभद्रा के रथ को फूलों से सजाया जाएगा। भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए शहरभर के श्रद्धालुओं की भीड़ रथयात्रा के दौरान देखने को मिलती है, जहां भगवान का रथ भक्तों द्वारा खींचा जाता है। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को जगन्नाथ रथ यात्रा का उत्सव मनाया जाएगा।

रायपुर। गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर प्रदेश का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा किया जाता है। इस वर्ष 7 जुलाई रविवार को सीएम विष्णुदेव साय और राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन द्वारा रथयात्रा की शुरुआत की जाएगी। इस अवसर पर सीएम द्वारा यात्रा से पूर्व छेरा-पहरा रस्म की जाती है, जिसमें सोने के झाड़ से भगवान जगन्नाथ के मार्ग की सफाई की जाती है।






### जगन्नाथ मंदिर, टूरी हटरी : 17 को पागुड़ा महोत्सव

*महंत राम सुंदर दास ने बताया, शनिवार शाम 7 बजे नैन उत्सव मनाया जाएगा। जिसके पश्चात रविवार सुबह 6 बजे से मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना एंव हवन किया जाएगा। भोग-भंडारा के पश्चात दोपहर 2 बजे भगवान जगन्नाथ भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ रथ में विराजमान होंगे। यह रथयात्रा मंदिर से होते हुए लौहार चौक, पुरानी बस्ती थाना, कंकाली तालाब, हनुमान मंदिर, शक्तिबाजार, शारदा चौक, मालवीय रोड, जयस्तंभ चौक, जीई रोड, फूल चौक, तात्यापारा, आजाद चौक, लाखेनगर चौक होते हुए जनकपुर स्थित चौक पहुंचेगी। जहां भगवान 10 दिनों तक विश्राम करेंगे, जिसके पश्चात 17 जुलाई को पागुड़ा महोत्सव के साथ भगवान मंदिर परिसर वापस आएंगे।*



### जगन्नाथ मंदिर, गायत्री नगर : सुबह 7 बजे पूजा-अर्चना

विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया, गायत्री नगर स्थित मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम एवं बहन सुभद्रा की मुर्ति विराजमान है। रथयात्रा के दिन सुबह 7 बजे पूजा-अर्चना की जाएगी, जिसके पश्चात सुबह 11 बजे सीएम विष्णुदेव साय एवं राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन द्वारा रथयात्रा की शुरुआत की जाएगी। प्रत्येक वर्ष की तरह रथयात्रा में भजन मंडली अन्य शहरों से आमंत्रित की गई है।

### जगन्नाथ मंदिर, सदर बाजार : ओडिशा से मंगाए गए हैं परिधान

संयोजक मोहित पुजारी ने बताया, रथयात्रा के दिन सुबह 9 बजे हवन पूजा किया जाएगा। जिसके पश्चात 12 बजे भगवान जगन्नाथ की भव्य महाआरती की जाएगी। शाम 4 बजे रथयात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान भगवान पीले पोषाक में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। इस वर्ष रथयात्रा के लिए ओडिसा से पोषाक मंगाई गई है। रथयात्रा सदर बाजार से होते हुए, कोतवाली, मालवीय रोड, जयस्तंभ तक नगर भ्रमण करेगी। प्रत्येक वर्ष रथयात्रा के दौरान भगवान की प्रतिमा का दर्शन श्रद्दालु नजदीक से करते हैं।

### अंकुरित चना और मूंग का प्रसाद

प्रत्येक वर्ष आषाढ़ माह के दौरान भगवान अपने गर्भगृह से निकलकर नगर भ्रमण के लिए जाते हैं। इसमें जगन्नाथ रथ यात्रा और पागुड़ा महोत्सव शामिल है। इस अवसर पर अंकुरित चना और मूंग विशेष प्रसादी के रुप में भक्तों को दिया जाता है, जिसे गजामूंग प्रसाद कहा जाता है। इसका निर्माण प्रारंभ हो चुका है।

# प्रवचन में आते हैं केवल 50 से 55 उम्र वाले बच्चे मोबाइल में व्यस्त, उन्हें नहीं आना मंदिर

## जैन संत विरागमुनि ने कहा, स्वार्थ सिद्ध होने के बाद कोई पानी नहीं पूछता

**रायपुर।** जैन संत श्री विरागमुनि ने शुक्रवार को विवेकानंद नगर में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन लाभ प्रदान किया। शहर में चल रहे प्रवचन की श्रृंखला के दौरान उन्होंने कहा कि धर्म को सुनने से कल्याण होना ही होना है। आज बच्चे मोबाइल में व्यस्त हैं। उन्हें मंदिर और उपाश्रय लाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। प्रवचन के दौरान केवल 50 से 55 के उम्र वाले ही आते हैं। आज हम बच्चों को धर्मस्थलों तक नहीं ला पा रहे हैं, कारण यह है कि हमने व्यवस्था नहीं बनाई है। हमें बचपन से ही बच्चों के अंदर यह बीज बोना है, तब जाकर कुछ बात बनेगी। जबकि आज के समय में बच्चों और हमारे बीच में एक गैप आता जा रहा है। यह गैप बहुत ही हानिकारक हो सकता है, क्योंकि यह गैप कुछ दिनों का नहीं, कुछ सालों का नहीं बल्कि यह जेनरेशन गैप है। एक-एक पीढ़ी का गैप हमारे बीच कितना स्पेस बढ़ाता है, आप कभी सोच भी नहीं सकते हैं।

### सामान्य बात हो चुकी है अबॉर्शन



*मुनिजी ने आगे कहा कि आप कभी भी टीवी देख लीजिए। किसी भी दिन अखबार उठाकर पढ़ लीजिए। ऐसी खबरें आपको कहीं ना कहीं दिख ही जाएंगी। ऐसा कौन सा रिश्ता है जो आज की डेट में पवित्र है? केवल मां और संतान का ही रिश्ता एक अद्भुत रिश्ता होता है, जिसे भी आज तार-तार किया जा रहा है। आपने देखा होगा कि अबॉर्शन तो अब बहुत ही सामान्य सी बात हो चुकी है, यहां तो बच्चे के पैदा होने के बाद भी उसे मारकर फेंक दिया जाता है।*

### आप खत्म यानी दुनिया भी खत्म

आज तो स्वार्थ पूरा हुआ नहीं की लोग एक-दूसरे को भूल जाते हैं, जैसे कि दूध में गिरी मक्खी। ऐसा कभी भी आपके साथ हो सकता है, जिस दिन स्वार्थ पूरा हो जाता है उसे दिन आपको कोई एक गिलास पानी भी नहीं पूछेगा। फिर भी आप मैं-मैं और मेरा-मेरा का रट लगाए हुए हो, जबकि आपका आज कुछ भी नहीं है। आप खत्म यानी दुनिया खत्म। कुछ भी आपके साथ नहीं जाने वाला है तो फिर काहे का अहम। आज हम भौतिक रूप से अच्छा काम तो कर रहे हैं, लेकिन आध्यात्मिक रूप से अच्छा करने का हमारे पास कोई लक्ष्य नहीं है। हम केवल स्वार्थ की पूर्ति के लिए ही कर्म किए जा रहे हैं।

# शहर के पार्थ को अमेरिका ने दिया पायलट का लाइसेंस



**रायपुर।** राजधानी निवासी पार्थ सिंह ठाकुर ने परिवार सहित शहवासियों को गौरवांवित किया है। उन्होंने महज 19 साल की उम्र में पायलट का लाइसेंस हासिल किया है। पार्थ ने बताया, कक्षा बारहवीं के बाद एक साल की कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया। पिता शैलेन्द्र सिंह के स्वर्गवास होने के पश्चात चौथी कक्षा की उम्र से पायलट बनने का सपना रहा। मां रीता सिंह एवं परिजनों के प्रोत्साहन से ही यह सपना आज संभव हुआ है। पार्थ सिंह ठाकुर ने बताया, 12वीं का रिजल्ट मई में आया। इसके बाद जुलाई से मेरी ट्रेनिंग चालू हो गई। पायलट बनने के लिए ग्यारवीं में गणित, रसायन और भौतिकी विषय का चयन करें। पायलट बनने के लिए व्यक्ति में स्किल होने की आवश्यकता है। इसकी ट्रेनिंग तीन श्रेणी में पूर्ण होती है। पहला पीपीएल, दूसरा आईआर और तीसरा सीपीएल होता है। वर्तमान में मुझे अमेरिका के पायलट का लाइसेंस मिला है। मुझे भारत के लिए लाइसेंस हासिल करने के लिए एक परीक्षा और दिलानी होगी। इसके लिए एक माह बाद मैं दिल्ली जाकर अपनी आगे की ट्रेनिंग पूरी करुंगा। ऊपर बादलों की ऊंचाई से दुनिया बहुत सुंदर दिखती है। यही मेरे लिए यह यादगार अनुभव है।

## महामाया मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में आज से पुजारी व भक्त करेंगे साधना

कार्नर न्यूज

# माता को प्रसन्न करने आज से मंदिरों में भक्त करेंगे साधना, सिद्धि पाने आधी रात को पूजा

**रायपुर।** आषाढ़ शुक्ल पक्ष की गुप्त नवरात्रि की शुरुआत आज से होने जा रही है। माता के साधक मां भगवती की आराधना कर संकल्प सिद्धि प्राप्त करेंगे। इस बार गुप्त नवरात्रि विधान 6 जुलाई से प्रारंभ होकर 15 जुलाई तक 10 दिन का होगा। गुप्त नवरात्रि पुनर्वसु नक्षत्र सहित क्षत्र योग व त्रिपुष्कर योग तथा मिथुन राशि स्थित चंद्र के समय प्रारंभ हो रही है। विशेष बात यह है कि तृतीया तिथि की वृद्धि होने के कारण यह गुप्त नवरात्रि 10 दिन की होगी। 15 जुलाई सोमवार को भड़ली नवमी पर अबूझ मुहूर्त में गुप्त नवरात्रि विधान पूर्ण होगा। नाम तथा गुण के अनुसार तिथि की वृद्धि के कारण साधकों को गुप्त नवरात्रि का अधिक फल भी प्राप्त होगा। इन नवरात्रि में 3 दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और एक रवि पुष्य योग घटित हो रहा है, इसलिए आषाढ़ शुक्ल पक्ष की गुप्त नवरात्रि का महत्व और अधिक बढ़ गया है।



### सूर्योदय से पूर्व शुक्ल पक्ष तिथि प्रारंभ



पुरोहितों के अनुसार, आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि का प्रारंभ 6 जुलाई को सूर्योदय से पूर्व तड़के 4:27 बजे से हो जाएगा और यह तिथि पूरे दिन मान और लगभग पूरे रात्रि के बाद दूसरे दिन रविवार को तड़के 4:26 बजे तक रहेगी। इसके दूसरे दिन रविवार को रवि पुष्य योग एवं सर्वार्थ सिद्धि योग घटित हो रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग 8 एवं 9 जुलाई को भी होगा। इन्हीं नवरात्रि में 15 जुलाई सोमवार को भड़ली नवमी अबूझ मुहूर्त का योग भी बन रहा है।

### घटस्थापना मुहूर्त

गुप्त नवरात्रि में घट स्थापना का मुहूर्त 6 जुलाई को सुबह 5 बजकर 28 मिनट से सुबह 10 बजकर 6 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा घट स्थापना का अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 57 मिनट से दोपहर 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। घटस्थापना की अवधि 56 मिनट है।

### महामाया मंदिर में पुजारी करेंगे पाठ

गुप्त नवरात्रि में माता की पूजा के साथ मंदिर में पुजारी माता का पाठ करेंगे। पुजारी के मुताबिक, गुप्त नवरात्रि में साधना का विशेष फल मिलता है। हर साल भक्तगण भी मंदिर में माता का पाठ करने पहुंचते हैं। मंदिर में दिनभर पाठ का क्रम चलता रहेगा। इस तरह पुरानी बस्ती स्थित दंतेश्वरी माता व डंगनिया में शीतला माता समेत अन्य देवी मंदिर में भक्त अपनी सुविधानुसार माता की आराधना करेंगे।

### तंत्र-मंत्र सिद्धि के लिए विशेष आराधना

गुप्त नवरात्रि में आषाढ़ की नवरात्रि का तंत्र-मंत्र और सिद्धि-साधना के लिए महत्व होता है। नवरात्रि में साधक 10 महाविद्याओं का ध्यान-साधना करके दुर्लभ शक्तियों की प्राप्ति करता है। मान्यता अनुसार, तंत्र-मंत्र की सिद्धि के लिए माता की आधी रात को पूजा की जाती है। इससे साधना शीघ्र फलदायी होती है। इस नवरात्रि में साधक मां आदिशक्ति की दस महाविद्याओं की पूजा गुप्त रूप से की जाती है। पुरोहितों के अनुसार मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा को लाल रंग का सिंदूर और चुनरी अर्पित करनी चाहिए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सम्मानित हुए क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संघ से संबद्ध खिलाडियों हेतु वार्षिक पुरस्कार समारोह 2024 का आयोजन शुक्रवार को उमरीया, रायपुर में किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित राज्य एवं जिला स्तर कि आयोजनों में वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार हेतु सभी आयु वर्गों तथा फार्मेट हेतु विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिये गये।सीएससीएस प्लेयर ऑफ़ द ईयर पुरुष वर्ग में आयुष पांडे 913 रन के साथ चार बार अर्धशतक और तीन बार शतक, महिला में कीर्ति गुप्ता एक दिवसीय मैच में 487 रन और 11 विकेट, टी-20 मैं 182 रन और 7 विकेट, चार अर्धशतक और एक शतक, सीएससीएस का प्रतिनिधित्व करने वाले आईपीएल प्लेयर शशांक सिंह और अजय मंडल, वर्ष का श्रेष्ठ जिला प्लेट ग्रुप में जिला क्रिकेट संघ कांकेर और एलिट ग्रुप में क्रिकेट संघ बिलासपुर, उच्चतम रन बनाने वालों में पुरुष वर्ग से रणजी ट्रॉफी में अमनदीप खरे 502 रन, विजय हजारे एक दिवसीय मैच में सुशांत सिंह 450 रन, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अमनदीप खरे 212 रन, सीके नायडू ट्रॉफी में आयुष पांडे 835 रन, मेंस अंडर-23 स्टेट ए ट्रॉफी एक दिवसीय में आदित्य सिंह 106 रन, कूच बिहार ट्रॉफी में विकल्प तिवारी 407 रन, वीनू मांकड़ ट्रॉफी में प्रथम याचक 424 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में अमिया मोरे 362 रन और राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी में अयान वीर सिंह भाटिया 195 रन शामिल हैं। उच्चतम विकेट लेने वालों में पुरुष वर्ग में रणजी ट्रॉफी में एम रवि किरण 25 विकेट, विजय हजारे एक दिवसीय मैच में शुभम सिंह 11 विकेट, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अजय मंडल 9 विकेट, सीके नायडू ट्रॉफी में वरुण सिंह भुइये 22 विकेट, मेंस अंडर-23 स्टेट ए ट्रॉफी एक दिवसीय में दीपक यादव 15 विकेट, कुच बिहार ट्रॉफी में वरुण सिंह भुइये 18 विकेट, वीनू मांकड़ ट्रॉफी में वरुण सिंह भुइये 21 विकेट, विजय मर्चेंट ट्रॉफी में धनंजय नायक 25 विकेट, राज सिंह डुंगरपुर ट्रॉफी में आयुष त्रिवेदी 14 विकेट, उच्चतम रन बनाने वालों में महिला टीम से सीनियर वूमेंस एक दिवसीय मैच में कृति गुप्ता 293 रन, सीनियर वूमेंस टी-20 में मनप्रीत कौर 137 रन, वूमेंस अंडर-23 वन डे में कृति गुप्ता 194, वूमेंस अंडर-23 टी-20 में कृति गुप्ता 128 रन, वूमेंस अंडर-19 वनडे में मानश्री मौर्य 98 रन, वूमेंस अंडर-19 टी-20 में मनसा साव 85 रन, वूमेंस अंडर-15 वनडे में चांद चेलक 147 रन, उच्चतम विकेट लेने वाली महिला खिलाड़ियों में सीनियर वूमेंस वनडे में उर्मिला हरिना 8 विकेट, सीनियर वूमेंस टी-20 में प्रांशु प्रिया धंसन 7 विकेट, वुमेंस अंडर-23 वनडे में मनस्वी निर्मलकर 6 विकेट, वुमेंस अंडर-23 टी-20 कृति गुप्ता 6 विकेट, वुमेंस अंडर-19 वन डे साक्षी शुक्ला 13 विकेट, वुमेंस अंडर-19 टी-20 तान्या बेरिया 7 विकेट, वुमेंस अंडर-15 वन डे ऋषिका श्रीवास्तव 11 विकेट, अंतर जिला 2023 में उच्चतम रन बनाने वालों में अंडर-14 में प्लेट ग्रुप से अनमोल द्विवेदी और एलिट ग्रुप से आयुष तोड़ेकर, अंडर-16 में प्लेट ग्रुप से अनमोल द्विवेदी और एलिट ग्रुप से आदित्य वर्मा, अंडर-19 में प्लेट ग्रुप से उत्कर्ष ठाकुर और एलिट ग्रुप में यश कुमार वर्धा, सीनियर ग्रुप में प्लेट ग्रुप से राहुल कुमार सिंह और एलीट ग्रुप में आदित्य सिंह, सीनियर टी-20 में प्रभात आनंद और एलीट ग्रुप से शशांक चंद्राकर, अधिकतम विकेट लेने वालों में अंडर-14 में प्लेट ग्रुप से लवकेश यादव और एलीट ग्रुप से आयुष द्विवेदी, अंडर-16 में प्लेट ग्रुप से आयुष द्विवेदी और एलीट ग्रुप से मीत कुकरेजा, अंडर-19 में ओम कोसले और एलीट ग्रुप से निखिल शर्मा, सीनियर ग्रुप में सुधांशु वर्मा और एलीट ग्रुप से शशांक तिवारी, सीनियर टी-20 में प्लेट ग्रुप से धनंजय नायक और एलीट ग्रुप से देव आदित्य सिंह, सपोर्ट स्टाफ अवार्ड में आउटस्टैंडिंग अंपायर नितिन काथवार, आउटस्टैंडिंग स्कॉलर विनोद देवघरे, आउटस्टैंडिंग फिजियो डॉक्टर आकाशदीप बादल, आउटस्टैंडिंग स्ट्रैंथ एंड कंडीशनिंग कोच मनीष राठौर और आउटस्टैंडिंग कोच टी सुधींद्र शामिल है।

### राकेश बने भारतीय खेल संस्थान से क्रिकेट के एनआईएस प्रशिक्षक

**रायपुर।** विद्यालय महंत, जांजगीर चांपा में पदस्थ राकेश कुमार राजपूत ने भारतीय खेल संस्थान पटियाला में आयोजित एनआईएस कोच के रूप में क्रिकेट में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस दौरान राकेश छत्तीसगढ़ के एकमात्र कोच थे, जो इस कोर्स में पटियाला में सम्मिलित हुए।




● भागदौड़ की जिंदगी में खानपान पर ध्यान नहीं देना होता है खतरनाक

# आपका भी बढ़ा रहता है कोलेस्ट्रॉल तो आज से ही शुरू कर दीजिए ये तीन काम

हाई कोलेस्ट्रॉल को संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है, अगर आप भी इसके शिकार हैं तो सावधान हो जाइए और समय रहते इसे कंट्रोल करने के लिए उपाय शुरू कर दीजिए। हाई कोलेस्ट्रॉल, विशेष रूप से बैड कोलेस्ट्रॉल को हृदय रोगों के लिए महत्वपूर्ण जोखिम कारक माना जाता है। जिन लोगों को कोलेस्ट्रॉल की समस्या रहती है उन्हें इसे कंट्रोल में रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।

कोलेस्ट्रॉल मोमयुक्त पदार्थ होता है जो रक्त वाहिकाओं में जमा होकर खून के प्रवाह को बाधित कर सकता है। जिन लोगों के रक्त में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ा हुआ रहता है उनमें हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर और जानलेवा समस्याओं का खतरा अधिक हो सकता है। क्या बिना दवाओं के प्राकृतिक तरीके से भी कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित किया जा सकता है? आइए इस बारे में जानते हैं।



### कोलेस्ट्रॉल को रखें नियंत्रित

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कई कारण हैं जिसकी वजह से आपका कोलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है। इसे नियंत्रित बनाए रखने के लिए आहार और लाइफस्टाइल दोनों को ठीक रखना जरूरी है। जीवनशैली के कारक जैसे संतृप्त-ट्रांस वसा से भरपूर आहार, व्यायाम की कमी, मोटापा और धूम्रपान जैसी आदतें हाई कोलेस्ट्रॉल का कारण बन सकती हैं। कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखने के लिए इनसे दूरी बनाकर रखना जरूरी है। इसके अलावा कुछ प्राकृतिक तरीकों की मदद से भी कोलेस्ट्रॉल को बढ़ने से रोकने में मदद मिल सकती है।

### वजन को बढ़ने से रोकें

अधिक वजन या मोटापा होने से कोलेस्ट्रॉल का स्तर और हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है। संतुलित आहार के सेवन के साथ नियमित शारीरिक गतिविधि करके वजन को कंट्रोल में रखा जा सकता है। वजन में कुछ किलोग्राम की भी कमी करने से भी कोलेस्ट्रॉल के स्तर पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए वजन को नियंत्रित रखना जरूरी है।

### स्वस्थ आहार का करिए सेवन

फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, लीन प्रोटीन और स्वस्थ वसा से भरपूर आहार से शरीर को स्वस्थ रखने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा रेड मीट, फुल फैट वाले डेयरी उत्पाद और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों से दूरी बनाकर कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित रखा जा सकता है। असंतृप्त वसा जैसे एवोकाडो, नट्स, सीड्स और वसायुक्त मछलियां न केवल कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल रखती हैं साथ ही इससे हृदय को स्वस्थ रखने में भी मदद मिल सकती है।

### फाइबर वाली चीजों को करें शामिल

आहार में फाइबर वाली चीजों की मात्रा संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद मानी जाती है इससे कोलेस्ट्रॉल भी नियंत्रित रहता है। घुलनशील फाइबर रक्तप्रवाह में इसके अवशोषण को कम करके बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। अपने आहार में घुलनशील फाइबर वाले खाद्य पदार्थ जैसे जई, जौ, बीन्स, फल (जैसे सेब, संतरे और जामुन) और सब्जियां (स्प्राउट्स और गाजर) शामिल करें।





## उम्र के साथ बढ़ता जाता है दर्द, अपनाएं योगासन

उम्र बढ़ने के साथ शारीरिक समस्याएं भी बढ़ने लगती हैं। बढ़ती उम्र में जोड़ों का दर्द, कमर दर्द होना आम बात होती है। उठने-बैठने में भी समस्या होना शुरू आ जाती है। समय रहते इसका उपचार न करने पर धीरे- धीरे ये समस्याएं इतनी बढ़ने लगती हैं कि चलने-फिरने और दैनिक कार्यों में असुविधा होने लगती है। दर्द से राहत पाने के लिए लोग दर्द निवारक दवाइयां लेने लगते हैं। इन दवाइयों से कुछ समय के लिए शरीर को आराम तो मिल जाता है, बाद में फिर परेशानियां होने लगती है। वहीं लगातार दर्द निवारक दवा का इस्तेमाल शरीर के लिए नुकसानदायक भी होता है। बढ़ती उम्र में जोड़ों के दर्द, कमर दर्द और अन्य शारीरिक परेशानियों से निजात पाने के लिए प्राकृतिक उपचार के तौर पर योगासन का नियमित अभ्यास करें। यहां बताए जा रहें कुछ योगासन का नियमित अभ्यास दर्द से राहत दिलाएगा।

### सेतुबंधासन



सेतुबंधासन का अभ्यास करने के लिए पीठ के बल आराम से लेट कर अपनी हथेलियों को शरीर के पास जमीन से सटाकर रखें। अब घुटने मोड़ कर धीरे धीरे सांस लेते हुए शरीर को ऊपर की ओर उठाएं। इस स्थिति में रहते हुए सांस लें और छोड़ें। कुछ देर बाद पुरानी स्थिति में आ जाएं।

### धनुरासन

धनुरासन का अभ्यास करने के लिए पेट के बल लेट कर दोनों पैरों को मोड़कर ऊपर की ओर ले जाएं। दोनों हाथों से पैरों के पंजों को पकड़कर सांस लेते हुए पैरों को ऊपर की ओर खींचें। कुछ देर इसी अवस्था में रहने के बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।

### शवासन

इस आसन को करने के लिए सबसे पहले पीठ के बल लेटकर दोनों पैरों को आराम से फैला लें। हाथों को शरीर से 5 से 6 इंच की दूरी पर रखते हुए इसी अवस्था में गर्दन आराम दायक मुद्रा में सीधी रखे रहें। अब आंखों को बंद करके कुछ देर इसी अवस्था में रहें।

### वीरभद्रासन

इस योग को करने के लिए सबसे पहले सीधी मुद्रा में खड़े होकर अपनी बाहों को फर्श के समानांतर उठाते हुए सिर को बाईं ओर मोड़ें। अब बाएं पैर को 90 डिग्री बाईं ओर मोड़ें। कुछ देर इसी अवस्था में रहें। अब इसी तरह दूसरी तरफ से अभ्यास करें।



## करबला के शहीदों को याद करते 10 दिन गुजरेंगे शोक में

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार मुहर्रम इस्लाम धर्म का पहला महीना होता है। यह करबला के शहीदों को याद करने का महीना होता है। शुरूआती 10 दिन में मुस्लिम समुदाय के लोग शोक के रूप में इन 10 दिनों को गुजारते हैं। इस्लामिक कैलेंडर अनुसार इस साल 7 जुलाई से मुहर्रम शुरू हो रहा है। वहीं दसवें दिन आशूरा मनाने की तारीख 17 जुलाई है। इस दिनों ताजिए भी निकाले जाते हैं।

### मुहर्रम का महत्व

एक तरफ जहां मुहर्रम को नए साल के रूप में मनाया जाता है, वहीं इसे मातम का दिन भी माना जाता है। बता दें मुहर्रम की 10वीं तारीख को यौम-ए-आशूरा के नाम से जाना जाता है। इस्लामी मान्यताओं के अनुसार इस दिन हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। हजरत इमाम हुसैन को इस्लाम धर्म का संस्थापक माना जाता है। वह हजरत मुहम्मद साहब के छोटे नवासे थे। ऐसे में हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम के 10वें दिन को लोग मातम के रूप में मनाते हैं, जिसे आशूरा कहा जाता है। वहीं कुछ लोग इस दिन इमाम हुसैन की शहादत की याद में जुलूस भी निकालते हैं।



### कब रखा जाता है रोजा

मुहर्रम को लेकर शिया और सुन्नी दोनों समुदाय की अलग-अलग मान्यताएं है। ये दोनों इस दिन को अलग-अलग तरीके से मनाते हैं। कहते हैं कि इस दिन रोजा रखने से अल्लाह खुश होते हैं और उनका आशीर्वाद बना रहता है। इस दौरान सुन्नी समुदाय के लोग 9 और 10 वीं तारीख को रोजा रखते हैं, तो वहीं शिया समुदाय के लोग 1 से 9 तारीख के बीच में रोजा रखते हैं।

### क्यों मनाया जाता है मुहर्रम?

इस्लाम धर्म के लोगों का प्रमुख त्योहार मुहर्रम को मनाने के पीछे ऐसा माना जाता है कि हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ मोहर्रम माह के 10वें दिन कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे। इसलिए उनकी शहादत और कुर्बानी के तौर पर, इस दिन को याद किया जाता है और जुलूस भी निकाले जाते हैं।

## घर पर आसान तरीके से तैयार करें पनीर रोल, बाजार जैसा स्वाद पाकर बच्चे होंगे खुश

हर घर में शाम के नाश्ते के लिए रोज कुछ न कुछ अलग बनाया जाता है। अगर हर रोज उन्हें बाहर का खाना दिया जाए तो तबियत खराब होने का डर भी बना रहता है। ऐसे में आप अगर चाहें तो उन्हें बाजार जैसे पकवान घर पर बनाकर खिला सकती हैं। इसके लिए स्वादिष्ट पनीर रोल एक बेहतर विकल्प है।

स्टफिंग तैयार करें

रोल तैयार करने के लिए आपको सबसे पहले इसकी स्टफिंग बनानी है। इसके लिए एक कढ़ाई में तेल गर्म करें और उसमें बारीक कटी प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें। अब अदरक-लहसुन पेस्ट डालें और कुछ सेकंड भूनें। इसके बाद इसमें बारीक कटी हुई शिमला मिर्च और टमाटर डालें और नर्म होने तक पकाएं।

इसके बाद बारीक कटा पनीर, लाल मिर्च पाउडर, गर्म मसाला, चाट मसाला, हरी मिर्च, और नमक डालें। अब इसे अच्छी तरह से मिलाएं और 2-3 मिनट तक पकाएं। अंत में बारीक कटा हुआ हरा धनिया और नींबू का रस डालें और मिलाएं। बस ये स्टफिंग तैयार है।



### रोल बनाने की विधि

अब रोल बनाने के लिए एक तवा गर्म करें और उसपर रोटी सेकें। सेकने के बाद रोटी पर हरी चटनी या टोमेटो सॉस फैलाएं। इसके बाद तैयार पनीर स्टफिंग को रोटी के बीच में रखें। अब रोटी को रोल की तरह मोड़ें और एक तवा पर हल्का सा तेल डालकर रोल को सभी ओर से सुनहरा होने तक सेंकें। अब इस रोल को आप गर्मागर्म परोसें। चाहें तो इसके साथ आप कोल्ड ड्रिंक भी सर्व कर सकती हैं।

## सगाई की तैयारी में अपने भावी जीवनसाथी को भी करें शामिल

*किसी भी लड़की या लड़के के लिए उसकी सगाई और शादी का मौका बहुत खास होता है। हालांकि ये मौका दो परिवारों के लिए भी विशेष महत्व रखता है लेकिन लड़का और लड़की अपने जीवन से जुड़े इस खास अवसर को लेकर काफी सपने सजाकर रखते हैं। लड़कियां से बहुत पहले से तैयारियां करने लगती हैं। सगाई कहां करनी है, क्या थीम होगा, आउटफिट कैसा होगा से लेकर केक, परफॉर्मेंस तक बहुत सारे विचार उनके दिमाग में होते हैं।*

### सगाई की तैयारी कैसे करें

संवाद करें: तैयारी तो आप कर लेते हैं लेकिन बाद में किसी न किसी कारण से जैसा आपने सोचा होता है, वैसा नहीं होता है। इसका एक कारण होता है संवाद की कमी। साथी के साथ मिलकर तैयारी करें: सगाई केवल आपकी नहीं, बल्कि आपके साथी की भी है। जैसे आपने कई सारी योजनाएं बना रखी हैं, हो सकता है उन्होंने भी कुछ योजनाएं बनाई हों। इसलिए सगाई की तैयारी से पहले बातचीत करें। मिलकर तय करें कि सगाई में कैसा आउटफिट पहनना है, क्या थीम होगी,



कैसी सजावट होगी या क्या आप दोनों को परफार्मेंस देनी है? उसके मुताबिक ही तैयारी करें।

साथी पर अपने विचार न थोपें: अपने विचार या सपने साथी पर थोपे नहीं, बल्कि एक दूसरे के विचारों का सम्मान करें। जैसे सगाई में आपको वेस्टर्न पहनना है लेकिन साथी इंडियन आउटफिट पहनना चाहते हैं तो कुछ बीच का विकल्प निकालें। उन्हें फोर्स न करें। एक दूसरे की पसंद को अपना बनाएं। परिवारों की परवाह करें: इस तरह के समारोह केवल लड़के और लड़की तक सीमित नहीं, इसमें परिवार भी जुड़े होते हैं। कई बार लड़कियां अपनी सगाई को लेकर ऐसे आउटफिट पसंद कर लेती हैं जो उनके ससुराल वालों को पसंद नहीं आते। ससुरालीजन अपनी राय भी देते हैं। अक्सर लड़कियां इसे अपने सपने टूटने जैसा समझती हैं।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 7987119756

ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544 D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## चोट से अब तक ठीक से उबर नहीं सके हैं जेरेमी रेनर, छलका अभिनेता का दर्द



हॉलीवुड स्टार जेरेमी रेनर को मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में हॉकआई की भूमिका से दुनियाभर में खूब लोकप्रियता हासिल हुई। इस किरदार के बाद उन्हें भारत में भी खास पहचान मिली। हाल ही में अभिनेता ने एक पॉडकास्ट में अपने बारे में खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने बताया है कि उनमें अब भी वह उर्जा नहीं है, जिससे वह चुनौतीपूर्ण किरदारों को निभा सके। जेरेमी का इशारा एक्शन से भरपूर भूमिकाओं को लेकर था। अभिनेता ने कहा कि वह बर्फ में हुई दुर्घटना से अब भी उबर रहे हैं। जेरेमी ने कहा, ₹मेरे पास ऐसे किरदारों के लिए ऊर्जा नहीं है। हालांकि, मेरे पास इस वास्तविकता को स्वीकार करने के लिए बहुत सारी उर्जा है। मैं अभी इस तरह के किरदार की कल्पना नहीं कर सकता। खुद को ऐसा हर रोज समझाने में काफी समय लगता है ताकि मैं सकारात्मक सोच रख सकूं, ताकि मैं प्रगति कर सकूं, ताकि मैं हमेशा आगे बढ़ता रह सकूं।₹ बता दें कि जनवरी 2023 में रेनर को छाती और आर्थोपेडिक के चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके शरीर पर 14,000 पाउंड से अधिक वजनी एक एक बर्फ हटाने वाली गाड़ी चढ़ गई थी, जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। चोट से उबरने के बाद वह इस साल जनवरी में "मेयर ऑफ किंग्सटाउन" के तीसरे सीजन की शूटिंग के लिए के सेट पर लौटे थे। पॉडकास्ट के दौरान जेरेमी ने खुलासा किया कि वह अभिनय में वापसी को लेकर बहुत घबराए हुए थे। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से इस बाधा को पार करना काफी ज्यादा चुनौतीपूर्ण था।

### टॉलीवुड


## सुरेश गोपी की 250वीं फिल्म 'वराहम' का टीजर हुआ जारी, फैंस उत्साहित



दिग्गज अभिनेता सुरेश गोपी की 250 वीं फिल्म 'वराहम' का टीजर जारी कर दिया गया है। सनल वी देवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सूरज वेंजरामूडू और गौतम वासुदेव मेनन भी हैं। अभिनेता ने एक्स पर टीजर साझा किया, जिसमें वह दो अलग-अलग लुक में नजर आ रहे हैं। अभिनेता का लुक फैंस को काफी उत्साहित कर रहा है। टीजर में सुरेश गोपी युवा अवतार में नजर आ रहे हैं। इसमें बैल-वशीकरण त्योहार जल्लीकट्टू भी दिखाया गया है, जिसमें कहा गया है, "क्या आपने जल्लीकट्टू, बैल को काबू में करने का त्यौहार देखा है? जब खिलाड़ी बैल के कूबड़ को पकड़ता है, तो वह अपना सिर जमीन पर पटक देता है और जोर से हमला करता है, जिससे खिलाड़ी को यह भ्रम हो जाता है कि बैल का सिर ज़मीन पर आ गया है।" इसमें आगे कहा गया है, "वह पल बैल द्वारा खुद ही तैयार किया जाता है ताकि वह खिलाड़ी को अपने सींगों से घायल कर सके।" इसके बाद टीजर में एक भावनात्मक दृश्य दिखाया जाता है, जिसमें क्रोधित सुरेश गोपी एक छोटी लड़की को गले लगाते हैं, जो उनकी बेटी है, जो बदले की कहानी को उजागर करता है। टीजर रिलीज के साथ निर्माताओं ने लिखा, "हमारे सुपरहीरो को जन्मदिन की शुभकामनाएं आपका जन्मदिन हर तरह से हमारे लिए उतना ही खास है, जितना आप हैं!! टीम वराहम की ओर से प्यार।" वराहम के कलाकारों में नव्या नायर, प्राची तेहलान, श्रीजीत रवि, संतोष कीझतूर, सादिक और सरयू भी शामिल हैं। मनु सी कुमार और जीतू के जयन द्वारा लिखित इस फिल्म का निर्माण विनीत जैन और संजय पडियूर ने अपने बैनर मावरिक मूवीज प्राइवेट लिमिटेड और संजय पडियूर के तहत किया गया है।

### भोजपुरी

## वेबसाइट पर आधिकारिक भाषा के रूप में जुड़ी भोजपुरी



दुनिया भर में फिल्म फेस्टिवल सबमिशन प्रक्रियाओं के लिए डिफॉल्ट टूल बन गए फिल्मफ्रीवे ने भोजपुरी दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्मफ्रीवे पर भोजपुरी भी ऑफिशियल भाषा के तौर पर जुड़ गई है। इस बात की जानकारी लेखक, पत्रकार और फिल्म निर्माता विमल चंद्र पांडे ने पोस्ट कर दी है। विमल ने अपनी खुशी जाहिर करने के लिए फेसबुक का सहारा लिया और उनकी पोस्ट से इसके लिए की गई उनकी मेहनत का भी खुलासा हुआ। विमल चंद्र पांडे ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'फिल्मफ्रीवे ऐसा वेबसाइट है जहां अपना फिल्म अपलोड करके देश-दुनिया के अलग-अलग फिल्म फेस्टिवल में भेजा जा सकता है। इसका उपयोग अपनी पहली फिल्म द होली फिश में किया गया था और उसका सलेक्शन राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों तरह के फिल्म फेस्टिवल में हुआ था।'

उन्होंने अपनी पोस्ट में आगे लिखा, 'बाकी जब अपनी भोजपुरी फिल्म मद्धिम को फिल्मफ्रीवे पर अपलोड किया तो मुझे ये जानकर आश्चर्य हुआ कि भाषा वाली श्रेणी में एक साईन लैंग्वेज की जगह दी गई थी लेकिन उसमें भोजपुरी का नाम नहीं था। मेल किया तो आश्वासन मिला कि इस पर विचार किया जाएगा। कई बार याद दिलाने और भोजपुरी ऑडियंस की रीच के बारे में समझाने के बाद वापस से मेल आया कि अब फिल्मफ्रीवे पर भोजपुरी भी ऑफिशियल लैंग्वेज होगी तो अंदर से बहुत अच्छा लगा। जब सामने से बताया जाएगा तो सामने वाले को जरूर समझ आएगा। धन्यवाद फिल्मफ्रीवे।'

जानकारी हो कि फिल्मफ्रीवे फिल्म निर्माताओं के लिए विश्व स्तर पर सैकड़ों फिल्म समारोहों में अपनी फिल्में प्रस्तुत करने के लिए एक वेबसाइट है।

### रात और दिन

एक ब्रिटिश इवेंट कंपनी ने साल 2024 के लिए 'रात और दिन' थीम पर अपने मॉडल पेश किए हैं। यहां मॉडल जीवंत त्योहारों और पारंपरिक पोशाक से प्रेरित है। डिजाइनर डेवियर ने चांदनी के सुकून और नर्म धूप के शोखियां कपड़ों के जरिए बयां की है। यह थीम समकालीन शैलियों को ब्रिटिश शिल्प कौशल के साथ मिश्रित करती है, जो फैशन का एक जीवंत प्रदर्शन दर्शकों के सम्मुख पेश करती है।




## बारिश के मौसम में पहनें ऐसे फुटवियर, दिखेंगी स्टाइलिश

बारिश का मौसम एक्साइटिंग होने के साथ-साथ काफी सारी परेशानियां भी अपने साथ लेकर आता है। इसके लिए हमें खाने-पीने से लेकर कपड़े और जूते तक का ख्याल रखना होता है। अगर आप भी बारिश के दिनों में स्टालिश फुटवियर को कैरी करना चाहती हैं, तो यहां जरूरी टिप्स ले सकती हैं।

### पिंक क्लोग्स सैंडल

क्लोग्स सैंडल आजकर काफी ट्रेंड में है। खास बात ये है कि इसे आप किसी भी आउटफिट के साथ कभी भी कैरी कर सकती हैं। महिलाओं के लिए बरसात में पहनने के लिए ये सैंडल बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसे पहन कर आप कीचड़ में भी बेहद आराम से बिना फिसलन के चल सकती हैं।

### लोफर शूज

बरसात के मौसम महिलाओं के पहनने के लिए लोफर शूज भी काफी अच्छा ऑप्शन है। इसे आप सिर्फ जींस पर ही नहीं, बल्कि सलवार-सूट के साथ भी पेयर-अप करके पहन सकती हैं। लोफर शूज आपके बरसात के लुक को एन्हांस करने में आपकी मदद करेगा।

### बिना लेस वाले कंफोर्टेबल शूज

बारिश के दिनों में बेहतरीन विकल्प में से एक हो सकता है- बिना लेस वाले कंफोर्टेबल शूज, क्योंकि ये जींस के साथ तो अच्छे लगते ही हैं। साथ ही, अगर आप कुर्ता-पैंट के साथ भी ये शूज ट्राई करेंगी, तो आपके फ्रेंड्स भी आपकी फैशन सेंस की तारीफ करेंगी। आप अगर इस



मौसम में अपने लिए फुटवियर खरीदने जा रही हैं, तो ये कंफोर्टेबल शूज को बिना झिझक के आराम से खरीद सकती हैं।

### हेवी शोल के कैजुअल सैंडल

अगर आप बरसात के दिनों में अपने लिए कोई स्टाइलिश सैंडल सर्च कर रही हैं, तो आप हेवी शोल वाली यह कैजुअल सैंडल खरीद सकती हैं। खास बात ये है कि आप इसे एथनिक से लेकर वेस्टर्न तक, हर तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं।

## आउटिंग के लिए बेस्ट हैं काफ्तान कुर्ती के लेटेस्ट डिजाइंस, ऐसे करें स्टाइल




काफ्तान कुर्ती इन दिनों काफी ट्रेंड में है। ये एक ऐसा आउटफिट है जिसे कई सारे मौकों पर वियर किया जा सकता है। इस आउटफिट में जहां आप कंफर्टेबल रहती हैं तो वहीं आप भीड़ से भी अलग नजर आती हैं। वहीं अगर आप आउटिंग के दौरान एक नया लुक चाहती हैं तो आप काफ्तान कुर्ती ट्राई कर सकती है। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले काफ्तान कुर्ती दिखाएंगे जिन्हें आप आउटिंग के दौरान स्टाइलिश नजर आएंगी।



### शॉर्ट स्लीव काफ्तान कुर्ती

स्टाइलिश लुक के लिए आप इस तरह की काफ्तान कुर्ती वियर कर सकती हैं। यह काफ्तान कुर्ती रेयान फैब्रिक में है और इस तरह की कुर्ती को आप प्लाजो के साथ स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इस आउटफिट के साथ आप फुटवियर में फ्लैट्स पहन सकती हैं। यह आउटफिट आप बाजार से खरीद सकती हैं साथ ही ऑनलाइन भी आपको ये आउटफिट 1000 तक की कीमत में मिल जाएगा।

### कॉटन काफ्तान कुर्ती


इस तरह की कॉटन काफ्तान कुर्ती भी आप आउटिंग के दौरान वियर कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती में जहां आप स्टाइलिश नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भीड़ से भी अलग नजर आएगा। इस काफ्तान कुर्ती के व्हाइट लेगिंग्स के साथ स्टाइल कर सकती हैं साथ ही फुटवियर में आप फ्लैट्स पहन सकती हैं। यह आउटफिट आपको आसानी से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह मिल जाएगा जिसे 1000 से 2000 रुपये में खरीद सकती हैं।

### सिल्क कफ्तान कुर्ता

अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह की सिल्क कफ्तान कुर्ता ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती में आपका लुक रॉयल नजर आएगा तो साथ ही आप स्टाइलिश भी नजर आएंगी। वहीं इस कफ्तान कुर्ता को अप ट्राउजर के साथ स्टाइल कर सकती हैं साथ ही फ्लैट्स इस आउटफिट के साथ बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। यह आउटफिट आप बाजार से ले सकती हैं साथ ही ये आउटफिट आसानी से आपको ऑनलाइन 1500 से 3000 रुपये में खरीद सकती हैं।

## उमस से उलझ रहे हैं बाल, तो ऐसे रखें इनका ख्याल

बारिश का मौसम शुरू हो गया है। लेकिन इस मौसम से राहत नहीं मिल रही है। बल्कि यह उमस बढ़ रही है। इसकी वजह से सबसे ज्यादा दिक्कत बालों की केयर को लेकर हो रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि उमस इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि इससे बाल चिपचिपे नजर आते हैं। ऐसे में हम बालों को कई बार वॉश करते हैं, ताकि बालों के चिपचिपाहट को कम कर सके। लेकिन ज्यादा शैंपू से भी बाल खराब होने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है आप आर्टिकल में बताए गए तरीके से बालों का ध्यान रखें।



### हेयर मास्क करें अप्लाई

बालों में अगर उमस की वजह से चिपचिपाहट होने लगी है, तो इसके लिए आप हफ्ते में 2 बार हेयर मास्क जरूर लगाएं। इसके लिए आपको चाहिए दही, एलोवेरा जेल और शहद। जिसे लगाने से बाल सिल्की और शाइनी नजर आएंगे। साथ ही, इसे बालों का चिपचिपापन भी कम हो जाएगा। इसे आप घर पर बनाएं और बालों में अप्लाई करें। फिर बालों को शैंपू लगाकर साफ करें। इससे आपके बाल बारिश के मौसम में हेल्दी नजर आएंगे।

### हेयर सीरम का करें इस्तेमाल

अगर आपको बालों में उमस की बदबू और चिपिचिपापन कम करना है, तो इसके लिए आप घर के बने हेयर सीरम का इस्तेमाल करें। इससे आपके बाल सॉफ्ट नजर आएंगे। इसके लिए आप मेथी दाने का पानी, चावल का पानी या एलोवेरा जेल के साथ चावल के पानी को मिक्स करके लगा सकती हैं। इससे बालों में उमस की बदबू भी नहीं आएगी। साथ ही, बाजार में मिलने वाले प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## चेहरे पर होने वाली झाइयों को दूर करने जानें घरेलू तरीके

बदलती लाइफस्टाइल के कारण आजकल लड़कियों के चेहरे की रौनक कम होती जा रही है। ऐसे में जरूरी है कि आप सही चीजों का इस्तेमाल चेहरे पर करें, ताकि आपको झाइयों की समस्या परेशान न करें।

### एलोवेरा जेल को चेहरे पर करें इस्तेमाल

एलोवेरा जेल झाइयों के लिए अच्छा होता है। साथ ही, घरों में आसानी से मौजूद होता है। इसलिए आप इसे रोजाना अपने चेहरे पर लगा सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो त्वचा को हाइड्रेट करते हैं और झाइयों को कम करने में मदद करते हैं। इसका इस्तेमाल



आप सुबह और रात दोनों समय कर सकती हैं।

इसके लिए पहले आपको एक कटोरी में फ्रेश एलोवेरा जेल निकालना है। फिर चेहरे को साफ करके इसे लगाना है। इसे कुछ समय चेहरे पर लगे रहने देना है। हल्के हाथों से चेहरे की मसाज करनी है। ऐसा करने से चेहरे क्लीन और टाइट हो जाएगा। साथ ही, हो सकता है कुछ ही समय में झाइयां दिखाई भी न दें। इसका इस्तेमाल आपको रोजाना करना पड़ेगा। तभी आपका चेहरे साफ नजर आएगा।

### चावल के पानी का करें चेहरे पर इस्तेमाल

अगर आपके चेहरे पर कोई भी समस्या है, तो उसके लिए बेस्ट है कि आप घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल करें। इनमें किसी भी तरह का कोई केमिकल नहीं होता है। ऐसे में यह चेहरे को नुकसान भी नहीं पहुंचाती हैं। कोरियन ब्यूटी के लिए सबसे ज्यादा चावल के पानी का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे झाइयों की समस्या कम होती है। साथ ही, चेहरा टाइट रहता है। इसलिए आप भी झाइयों की समस्या के लिए इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आपको रातभर चावल को भिगोकर रखना है।

### कार्नर न्यूज

## हर लुक को परफेक्ट बनाने अहम रोल अदा करती है पुरुषों की एसेसरीज

# ड्रेस के साथ सोच-समझ कर मैचिंग करें एसेसरीज की, मिलेगा क्लासी लुक

*एसेसरीज के बिना हर स्टाइल अधूरा है। कह सकते हैं कि हर पुरुष को अपने लुक को परफेक्ट बनाने के लिए एसेसरीज की जरूरत पड़ती है। ये तो आप जानते हैं कि पुरुष एसेसरीज में बहुत कुछ आता है। जैसे : घड़ी, बेल्ट, कफलिंग्स और बैंड्स आदि। इसके अलावा भी कई एसेसरीज हैं, लेकिन सवाल यह है कि इन एसेसरीज को सही तरीके से मैच कैसे किया जाए। एसेसरीज कैरी करना ही काफी नहीं है, बल्कि उसे सही तरीके से पहनना ज्यादा जरूरी है। कई लड़के एसेसरीज पहनने का शौक तो रखते हैं लेकिन उनको कपड़ों या स्टाइल के साथ कैसे मैच किया जाए, ये उन्हें नहीं पता।*



### आउटफिट के साथ घड़ी को करें मैच

किसी भी आउटफिट के साथ घड़ी मैच करने से पहले यह ध्यान रखें कि इसके लिए थीम तय होना चाहिए। फिर चाहे आपकी घड़ी मेटल की हो, लेदर की हो या फिर स्पोर्ट्स वॉच हो।कहने का मतलब है कि घड़ी का चयन ड्रेस कोड के हिसाब से होना चाहिए। आपकी ड्रेस ये डिसाइड करेगी कि आपकी घड़ी कौन सी होनी चाहिए। इसके लिए कुछ बातों पर ध्यान देना जरूरी है। जैसे,फार्मल ड्रेस के साथ सिल्वर डायल की वॉच रखें। खासतौर पर इसका पट्टा बदलने वाला हो। काले और ब्राउन रंग के बैंड होना जरूरी है क्योंकि ये आसानी से हर ड्रेस में मैच हो जाते हैं।

### बेल्ट और आउटफिट का मैच

बेल्ट और आउटफिट को मैच करने में सिंपलीसिटी को ध्यान में रखना चाहिए। किसी भी आउटफिट के साथ अगर आप बेल्ट मैच करते हैं तो यह जरूरी है कि बेल्ट सिंपल और क्लासी होनी चाहिए। आप शाट्र्स पहन रहे हैं तो इसके साथ कैजुअल बेल्ट, कैनवास बेल्ट और लेदर बैक्ड कैनवास बेल्ट अच्छी लगती है।फंकी लुक चाहते हैं तो कलरफुल ब्रेडेड लेदर बेल्ट आपके लुक को परफेक्ट बनाएगी। जींस के साथ वर्क बेल्ट, टूल्ड लेदर बेल्ट या रोडियो बेल्ट लुक को और स्टाइलिश बनाएगी। बिजनेस कैजुएल और बिजनेस सूट अपने आप में कंप्लीट ड्रेस है। इसलिए कोई रिस्क न लें। इसके साथ ड्रेस बेल्ट और सस्पेंडर सबसे सही लगेंगे।

### टाई के साथ न लगाएं बेल्ट

टाई अपने आप में कंप्लीट एसेसरी है। इसलिए अगर इसके साथ आपने बेल्ट नहीं भी लगाई तो भी कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अगर ब्लैक टाई लगा रहे हैं तो इसके साथ सस्पेंडर ठीक लगेगा। आप अगर बेल्ट लगाना चाहते हैं तो पॉलिश्ड ब्लैक ड्रेस बेल्ट अच्छा ऑप्शन है। इसी तरह व्हाइट टाई के साथ भी बेल्ट की कोई जरूरत नहीं है। सिर्फ सस्पेंडर से ही काम चल सकता है।

### टाई, शर्ट और जैकेट में हो मैचिंग

टाई एक जरूरी एसेसरी है और यह किसी भी फार्मल लुक को कंप्लीट करती है। कपड़ों और टाई को मैच कराए बिना कभी न लें। आप जैकेट और सूट बिना मैचिंग के खरीद सकते हैं लेकिन टाई मैचिंग की ही लें।

